## तेलंगाना में पकड़ी गई ड्रग्स 9 करोड़ केश के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**राचकोंडा, ईएमएस।** तेलंगाना के राचकोंडा में ड्रग्स जब्त की गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय नारकोटिक्स पेडलिंग रैकेट का भंडाफोड़ कर 8.5 किलो ड्रग्स और 9 करोड़ केश बरामद किए गए। शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।


आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 309 -● जबलपुर ● मंगलवार, 13 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-5 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## अमृतसर पुलिस ने पकड़ा गया हाईकोर्ट का नकली जज

**अमृतसर, एजेंसी।** पंजाब के अमृतसर में दिल्ली हाईकोर्ट का नकली जज बनकर घूमने वाले एक जस्टिस को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। यह नकली जज अमृतसर के ACP नॉर्थ वरिंदर खोसा को फोन करके बुरा फंस गया। खोसा को बातचीत करते हुए नकली जज पर शक हो गया, जब जांच करवाई तो पूरा मामला सामने आ गया। , आरोपी की पहचान मजीठा रोड के शास्त्री नगर में रहने वाले मिशू धीर के तौर पर हुई है।

## भारत -चीनी सैनिकों के बीच झड़प

# संसद में भारी हंगामा

## देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित :रक्षा मंत्री

## भारत की एक इंच जमीन पर कब्जा नहीं : गृहमंत्री



**नई दिल्ली,ईएमएस।** अरुणाचल प्रदेश के तवांग इलाके में भारत और चीनी सैनिकों के बीच झड़प को लेकर संसद में भारी हंगामा हुआ। इस पर गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस दोहरा व्यवहार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की एक इंच जमीन पर चीन ने कब्जा नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों ने बहादुरी दिखाई। अमित शाह ने संसद के बाहर कहा- कांग्रेस ने प्रश्न काल चलने नहीं दिया। हमने जवाब देने की बात कह दी थी। उसके बावजूद इन्होंने संसद नहीं चलने दी। चीन पर कांग्रेस का रवैया दोहरा है। राजीव गांधी फाउंडेशन का सवाल प्रश्न काल में रखा गया था। मैं बता दूं कि इसका fcra लाइसेंस रद्द किया गया था। इसी पर सवाल था। उस फाउंडेशन को चीन से पैसे मिले। 1.38 करोड़ रुपए मिले थे। कांग्रेस शासन में 1962 में चीन ने हजारों एकड़ जमीन हड़प ली थी। उल्लेखनीय है कि अरुणाचल प्रदेश में वास्तविक नियंत्रण रेखा ) पर 9 दिसंबर (शुक्रवार) को भारत और चीन के सैनिकों के बीच आमने-सामने का संघर्ष हुआ। चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के जवानों ने तवांग सेक्टर में स्ट पार करने की कोशिश की। इसका भारतीय सैनिकों ने पूरी ताकत से जवाब दिया। इस दौरान हुए संघर्ष में दोनों पक्षों के करीब 30 सैनिक घायल हुए। घायलों में ज्यादा संख्या चीनी सैनिकों की बताई जा रही है। एलएसी पर हुई इस झड़प के तुरंत बाद भारत और चीन के तवांग सेक्टर के सैन्य कमांडरों के बीच सीमा पर शांति बहाली के लिए फ्लैग मीटिंग भी हुई।

देश की सीमाएं पूरी तरह सुरक्षित :रक्षा मंत्री



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा को बताया, 9 दिसंबर की रात चीनी सेना ने भारतीय क्षेत्र तवांग में घुसपैठ की कोशिश की, जिसका भारतीय सैनिकों ने पूरे साहस के साथ सामने किया। इस दौरान दोनों पक्षों में झटप हुई। कुछ चीनी सैनिक घायल हुए हैं, लेकिन भारत का कोई जवान गंभीर घायल नहीं हुआ है। इसके बाद दोनों देशों के कमांडरों की मीटिंग हुई, जिसमें शांति बनाए रखने पर सहमति बनी। रक्षा मंत्री ने आगे कहा, सरकार सदन को आश्वस्त करना चाहती है कि देश की सीमाएं



पूरी तरह सुरक्षित है और सेना देश की एक इंच जमीन भी दुश्मन के हाथों में नहीं जाने देगी।

### विपक्ष पीएम के जवाब की मांग पर अड़ा

लोकसभा में विपक्ष पी एम के जवाब की मांग पर अड़ा। उधर, राज्यसभा में विपक्ष के सांसदों ने नारेबाजी की। यहां कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा में तवांग झड़प का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि चीन ने तवांग में हमारी सीमा में घुसपैठ की। यह बेहद गंभीर मामला है। बाद में दोनों सदन स्थगित हो गए। सरकार ने कहा कि डिफेंस मिनिस्टर राजनाथ सिंह लोकसभा में और राज्यसभा में बयान देंगे। संसद की कार्यवाही शुरू होने के पहले राजनाथ ने अपने घर पर हाईलेवल मीटिंग बुलाई। इसमें फॉरेन मिनिस्टर एस. जयशंकर, छ्रष्ठस्र लेफ्टिनेंट जनरल अनिल चौहान और तीनों सेनाओं के प्रमुख समेत तमाम अधिकारियों ने जानकारी दी।

## पटेरिया के घर सुबह 5.30 बजे पहुंची पुलिस; पार्टी भी नोटिस देगी

# मोदी की हत्या की बात कहने वाला कांग्रेस नेता गिरफ्तार

**भोपाल, यशभारत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हत्या की बात कहने वाले कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री राजा पटेरिया को मंगलवार सुबह 5.30 उनके गृहनगर दमोह के हटा से गिरफ्तार कर लिया गया है। पटेरिया ने 11 दिसंबर को एक सभा में कहा था- अगर लोकतंत्र को बचाना है तो मोदी की हत्या को तत्पर रहो। इन द सेंस हराने का काम करो।

उनके इस बयान के बाद भाजपा हमलावर हो गई थी। गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने पटेरिया पर एफआई आर के निर्देश दिए थे। इसके बाद उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया। पटेरिया के खिलाफ पन्ना के पवई थाने में केस दर्ज किया गया है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने कहा था कि कांग्रेस के असली भाव प्रकट हो गए हैं।



पटेरिया ने माफी मांगी, कांग्रेस नोटिस जारी कर सकती है

हालांकि, पटेरिया ने अपने बयान पर सोमवार की रात को माफी मांग ली। उधर कांग्रेस उनको नोटिस जारी कर सकती है। इससे पहले पटेरिया ने कहा था कि वे गांधी को मानने वाले हैं और गांधी को मानने वाला हत्या की बात नहीं कर सकता। मेरा वीडियो गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है।पटेरिया का यह बयान 11 दिसंबर का है। वे पन्ना जिले के मंडलम में कार्यकर्ताओं से बात कर रहे थे। तभी उन्होंने कहा- मोदी इलेक्शन खत्म कर देगा। मोदी धर्म, जाति, भाषा के आधार पर बांट देगा। दलितों का, आदिवासियों का और अल्पसंख्यकों का भावी जीवन खतरे में है। संविधान अगर बचाना है तो मोदी की हत्या करने के लिए तत्पर रहो। हत्या इन द सेंस ... हराने के लिए तैयार रहो। कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा, वीडियो में जरा भी सच्चाई है तो ऐसे बयान की कड़ी निंदा करता हूं। कांग्रेस एक-एक कार्यकर्ता बापू के सत्य-अहिंसा के सिद्धांत का पालन करता है।

## आयकर विभाग ने इंदौर में रियल स्टेट व्यवसाय से जुड़े कई समूहों पर कार्रवाई

**इंदौर, यशभारत।** आयकर विभाग ने इंदौर में रियल स्टेट व्यवसाय से जुड़े कई समूहों पर मंगलवार सुबह कार्रवाई की। आयकर विभाग की टीम ने सुबह सबसे पहले रियल स्टेट स्कायअर्थ ग्रुप पर कार्रवाई की। टीम की स्कायअर्थ ग्रुप के एबी रोड स्थित सत्यसाई चौराहे पर स्थित ग्रुप के मुख्य कार्यालय पर यह कार्रवाई जारी है। इस समूह में स्काय लक्जरिया, स्काय पैलेस जैसे प्रमुख बिल्डिंग हैं। आयकर विभाग की टीम ने इसके अलावा ग्रुप के निदेशकों सागर चावला, निम्मी चावला, गोविंद चावला और नीरज सचदेव के यहां भी कार्रवाई की। उनके घर के अलावा आफिस पर भी यह कार्रवाई जारी है। अन्य रियल स्टेट समूहों पर आयकर विभाग की कार्रवाई की जा रही है।

### संसद पर हमले की 21वीं बरसी आज

## उपराष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने शहीद जवानों को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली ईएमएस।** भारतीय लोकतंत्र के मंदिर संसद भवन पर हुए आतंकवादी हमले की आज 21वीं बरसी है। आतंकवादियों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद भवन पर हमला किया था। संसद पर हुए हमले के 21 साल पूरे हो गए हैं, लेकिन आज भी इस कायराना आतंकवादी हमले की यादें भारतीयों के दिलो-दिमाग में ताज हैं। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति व राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और प्रधानमंत्री नरेंद्र



मोदी समेत कई नेताओं ने मंगलवार को संसद परिसर में शहीद जवानों को श्रद्धांजिल अपर्ति की और उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। 21 साल पहले आज ही दिन के हुए इस हमले में नौ जवान शहीद हुए थे, जिसमें दिल्ली पुलिस के पांच जवान शामिल थे।



## अमेरिका ने भी लैब में बना लिया नकली सूरज

### खत्म हो जाएगा ऊर्जा संकट, आज होगा बड़ा ऐलान

**वॉशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिका ने पहली बार सफलतापूर्वक एक न्यूक्लियर फ्यूज़न रिएक्शन को अंजाम दिया है। कैलिफोर्निया में लॉरेंस लिवरमोर नेशनल लेबोरेटरी में नेशनल इग्निशन फैसिलिटी में अमेरिकी वैज्ञानिकों ने यह कारनामा कर दिखाया है जिसके परिणामस्वरूप शुद्ध ऊर्जा पैदा हुई है। प्रोजेक्ट से जुड़े एक स्रोत ने सीएनएन को इसकी जानकारी दी है। माना जा रहा है कि अमेरिकी ऊर्जा विभाग मंगलवार को आधिकारिक रूप से इसकी सफलता की घोषणा कर सकता है। न्यूक्लियर फ्यूजन प्रयोग को अक्सर ल्वैब में कृत्रिम सूरज का उत्पादन कहा जाता है। एजेंसी की खबर के अनुसार इस प्रयोग के नतीजे क्लीन एनर्जी के एक अनंत स्रोत को हासिल करने की दशकों लंबी खोज में एक बड़ा कदम साबित हो सकते हैं। इसकी सफलता जीवाश्म ईंधन पर मानव की निर्भरता को खत्म करने में मदद कर सकती है। दशकों से शोधकर्ता लैब में न्यूक्लियर फ्यूजन का प्रयास कर रहे हैं। वे सूर्य को ऊर्जा देने वाले फ्यूजन को पैदा करना चाहते थे।

## किंग खान ने वैष्णो देवी में माथे पर लगाया टीका

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहरुख खान की एक फोटो और एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। तस्वीर की बात करें तो ये माता वैष्णो देवी के दर्शन के बाद की बताई जा रही है। इसमें उनके



माथे पर टीका लगा हुआ है। वीडियो की बात करें तो ये मुंबई वापस लौटने का है। वो मास्क और हुडी से चेहरा छिपाए मुंबई वापस लौट आए हैं बॉलीवुड के बादशाह यानी शाहरुख खान ने जबसे माता वैष्णो देवी के दर्शन किए हैं, तबसे ही सोशल मीडिया पर हंगामा मचा हुआ है। SRK पठान की रिलीज से पहले कुछ ऐसा कर रहे हैं कि सबका ध्यान उनकी तरफ ही जा रहा है। पहले उन्हें मक्का में उमराह करते हुए देखा गया था और अब वो जम्मू-कश्मीर के त्रिकुटा पहाड़ियों की चोटी पर माता वैष्णो देवी के पवित्र मंदिर में दर्शन करने पहुंचे और टीका लगाया फिर चेहरे को ढंक लिया।



### भारत जोड़ो यात्रा का प्रदेश में 9 वां दिन

## राहुल को लोगों ने बताई समस्याएं, काम करने के सीएम गहलोत को आदेश

**सवाईमाधोपुर।** राजस्थान में राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के आज 9वे दिन सवाईमाधोपुर जिले में कई किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से चर्चा करेंगे। राहुल गांधी यात्रा में लगातार स्थानीय समस्याओं पर लोगों से बात करके उनका फीडबैक ले रहे हैं। आज भी समाज के अलग-अलग तबकों के लोगों से यात्रा के दौरान और फिर लंच ब्रेक में चर्चा करेंगे। यात्रा 22.4 किलोमीटर का सफर तय करेगी। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान लगातार लोगों से मिल रहे हैं। राहुल से किसान, मजदूर, व्यापारी सामाजिक कार्यकर्ता, छात्र, खिलाड़ी अलग अलग मुलाकातें कर रहे हैं। राहुल गांधी को पिछले सप्ताह भर में राजस्थान से जुड़ी कई समस्याओं के बारे में फीडबैक मिला है। समाज के अलग-अलग तबके के लोगों ने राहुल से मिलकर सरकारी सिस्टम और योजनाओं से जुड़ी खामियां बताई हैं। लोगों से मिले फीडबैक के आधार पर राहुल गांधी ने सीएम अशोक गहलोत को कुछ बिंदुओं पर काम करने को कहा है। राहुल गांधी के सुझावों के आधार पर सरकार में अगले कुछ दिनों में बड़े फैसले होने की संभावना है।






### अधिनियम में संशोधन का विधेयक तैयार

# मप्र में हुक्का बार चलाना होगा प्रतिबंधित

**भोपाल यशभारत। मध्य प्रदेश में हुक्का बार का संचालन प्रतिबंधित करने के लिए सरकार ने गुजरात, महाराष्ट्र, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के प्रविधानों का अध्ययन करके अधिनियम में संशोधन प्रस्तावित किया है। अभी हुक्का बार को बंद करने संबंधी कोई स्पष्ट प्रविधान नहीं है। पुलिस कार्रवाई होने पर हुक्का बार संचालक न्यायालय चले जाते हैं और उन्हें स्थगन भी मिल जाता है। गृह विभाग ने प्रस्तावित किया है कि कोई भी हुक्का बार का संचालन नहीं करेगा।**

इसका उल्लंघन किए जाने पर तीन वर्ष तक का कारावास और एक लाख रुपये तक का अर्थदंड लगाया जाएगा। किसी भी स्थिति में कारावास की सजा एक साल से कम और अर्थदंड पचास हजार रुपये से कम नहीं होगा। पुलिस उप निरीक्षक स्तर के अधिकारी को हुक्का बार की सामग्री या वस्तु की जब्ती करने का अधिकार होगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि विधानसभा में प्रस्तुत करने से पूर्व इसे राष्ट्रपति की अनुमति के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय को भेजा जाएगा।



नशा और आपराधिक गतिविधियों के केंद्र बन गए हुक्का बार चलाना प्रदेश में प्रतिबंधित होगा। सरकार सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद (विज्ञापन का प्रतिषेध और व्यापार तथा वाणिज्य, उत्पादन, प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम 2003 में हुक्का बार लाउंज को प्रतिबंधित किए जाने के संबंध में संशोधन विधेयक 2022 लाएगी। इसे विधानसभा में प्रस्तुत करने से पहले राष्ट्रपति की अनुमति के लिए केंद्र सरकार को भेजा जाएगा। गृह विभाग द्वारा तैयार विधेयक के प्रारूप पर मंगलवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट में निर्णय लिया जाएगा। वहीं, 19 दिसंबर से प्रारंभ हो रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र में आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए नगर पालिक विधि में संशोधन के लिए विधेयक के प्रारूप को अनुमोदन के लिए रखा जाएगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में होने वाली कैबिनेट बैठक में वर्ष 2022-23 के लिए द्वितीय अनुपूरक बजट प्रस्ताव पर चर्चा की जाएगी। सूत्रों के अनुसार बजट दस हजार करोड़ रुपये से अधिक का होगा। इसमें सड़कों के रखरखाव के लिए लोक निर्माण विभाग को आठ सौ करोड़ रुपये से अधिक आवंटित किए जा सकते हैं। इसके साथ ही नगरीय विकास, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन विभाग को विभिन्न परियोजनाओं को गति देने के लिए अतिरिक्त राशि दी जा सकती है।

**आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए कदम**

उधर, नगरीय विकास एवं आवास विभाग आवारा पशुओं पर नियंत्रण के लिए अध्यादेश के स्थान पर मध्य प्रदेश नगर पालिक विधि संशोधन विधेयक कैबिनेट के अनुमोदन से विधानसभा के शीतकालीन सत्र में प्रस्तुत करेगा। इसमें यह प्रविधान किया जा रहा है कि कोई भी जानबूझकर अथवा उपेक्षापूर्वक किसी पशु को सार्वजनिक सड़क या स्थान पर खुला छोड़ता है या बांधता है तो संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।




# महाकोशल कालेज के पूर्व छात्रों ने मनाया ओशो महोत्सव

**जबलपुर, यशभारत।** आचार्य रजनीश ओशो जी के जन्मोत्सव पर महाकौशल के पूर्व छात्र छात्राओं ने ओशो महोत्सव एवं पूर्व छात्र मिलन कार्यक्रम महाविद्यालय के ओशो प्रेक्षागृह में किया।कार्यक्रम का शुभारंभ ओशो जी के चित्र पर माल्यापर्ण माँ सरस्वती वंदना से शुरू हुआ । मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी,आलोक मिश्रा ,पूर्व डी एस पी एस एस गुप्ता, आशीष दुबे,जी थे कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य ए सी तिवारी जी ने की। अतिथियों ने अपने उदबोधन में कहा कि ओशो जी ने जीवन मे आनन्दित होकर मस्त जीवन जीने के लिए प्रेरित किया है सभी मस्त आनन्द पूर्वक आज आप सभी जन्मोत्सव मनाए शुभकामनाएं दी। अतिथियों का स्वागत डॉ प्रशांत मिश्रा,आदित्य मिश्रा, तरुण रोहितास, सुरेंद्र सेन, मृदुल त्रिपाठी, मनीष पांडे,मनोज परोहा ने किया। संचालन विवेक पाठक, राधाकृष्ण पांडे ने किया ।धन्यवाद आभार तेजकुमार भगत ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के ऐसे छात्र जिन्होंने विशेष उपलब्धि से नाम रोशन किया उनको छात्र गौरव से सम्मानित किया गया जिनमे डॉ अनुराग सोनी, रामस्नेही शर्मा,मनीष शर्मा,वीरेंद्र सिंह परस्ते,नीतू तेजकुमार भगत,महेंद्र चक्रवर्ती, तथा छात्र प्रतिभा में अक्षत पांडे ,कु सुदीक्षा, कु रिशिता वर्मा को सम्मान प्रतीक देकर सम्मानित किया गया। पूर्व छात्रों ने कहा कि आचार्य रजनीश जी के नाम पर हो महाविद्यालय का नाम। छात्र सूरज शर्मा ने शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गायक दिलीप कोरी जी ने सफल प्रस्तुति से मनमोह लिया और फिल्मी गाने तेरे जैसा यार कहा, ये दोस्ती हम नही छोड़ेंगे,आदि गानो पर सभी छात्र झूम उठे। इस अवसर पर डॉ प्रशांत कौरव,अरविंद पाठक,ओमप्रकाश प्रजापति,मो शाहिद,अशोक पटेल,राजू उपाध्याय, अमन खरे,मनीष अवस्थी,समता जैन, मनोज तिवारी, सोनल सोढी,वीनू हुका,नीलिमा पाठक,राकेश कुरेले,अभय श्रीवास्तव, भावेश गुप्ता,बसन्त चौरसिया, राजेंद्र गुप्ता,स्मिता चौहान,राजेश पाठक,गोविंद मेहरा,प्रवेश कोल्हेकर,गोपाल सोनकर,मुकेश चौरसिया,ब्रजेश दुबे, रविशंकर यादव, नितिन शर्मा,नितिन जैन, सन्तोष भारती, सरदार दिवाकर, निरंजन राय,रत्नेश सोनकर,राजेन्द्र गुप्ता,भारत भूषण,आनन्द शर्मा,कमल पासी,ब्रजेन्द्र यादव, घनश्याम तिवारी, मनोज यादव,सन्दीप चन्द्रोल, अमित दुबे,आसित वर्मा,पंकज शुक्ला, विजय गठोरिया,गोविंद अहिरवार मुकेश चौधरी,सुनील विश्वकर्मा, प्रकाश पटेल,आनन्द ताम्रकार दीपक पटेल ,विजय शुक्ला, गुलाब सिंह आदि उपस्थित थे।




# शासकीय महाविद्यालय बरेला में जनभागीदारी अध्यक्ष ने शपथ ली



**जबलपुर,यशभारत।** पंडित राम शंकर बन्नी लाल पाठक शासकीय महाविद्यालय बरेला में शासन के निर्देशानुसार नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष जमुना पटेल के शपथ ग्रहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ । नवनियुक्त जनभागीदारी अध्यक्ष जमुना पटेल ने महाविद्यालय के हितों को ध्यान में रखते हुए कहा कि महाविद्यालय में सारी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें जो संकाय नहीं है उन्हें प्रारंभ कराने व छात्रों की मूलभूत सुविधाओं को प्रदान करने एवं महाविद्यालय के सर्वागीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे जनभागीदारी अध्यक्ष जमुना पटेल के द्वारा नगर परिषद अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि प्रतीक दुबे जी प्राचार्य समस्त महाविद्यालय स्टाफ एवं समस्त पार्षद व जनता का धन्यवाद और अभिवादन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं जनभागीदारी अध्यक्ष जमुना पटेल नगर परिषद अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इंजी.प्रतीक दुबे कार्यक्रम के अध्यक्ष प्राचार्य जी पी चौरसिया , दिनेश मिश्रा ,जुगल किशोर मेवारी ,राजेश ,भगत भगत सिंह उईके, राम सिंह ठाकुर डॉ. किरण हीरा इंदिरा रश्मि हाज, इंजी.नितिन पांडे आदि का धन्यवाद किया कार्यक्रम में पार्षद दीपेश पटेल रूपेंद्र चौकसे सतीश साहू पार्षद दीपेश पटेल एवं समस्त पार्षद महाविद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।



# मीलाद शरीफ का एहतेमाम करना बुजुर्गो का तरीका है : हज़रत अल्हाज फहीम अशरफ़ी

**जबलपुर, यशभारत ।** गढ़ा मुजावर मुहल्ले मे गतरात्रि हज़रत फहीम अशरफ़ी साहब की सरपरस्ती मे हज़रत मदारउलआलमिन व हज़रत मलंग बाबा का उर्स बड़ी शान और शौकत से मनाया गया । बाद नमाज इशा जल्से का आगाज हुआ जिसमे नात खां हजरात ने नात शरीफ पेश की । हज़रत फहीम अशरफ़ी साहब ने अपनी तक़रीर मे फरमाया मीलाद शरीफ का एहतेमाम करना बुजुर्गो का तरीक़ा है । आपने मदारउल आलामीन के जीवन पर रोशनी डालते हुए कहा कि मदारउल आलामीन अल्लाह के नेक वली है और हमको उनके बताये रास्ते पर चलना चाहिए । जल्से मे मौलाना फज़्ले रब अशरफ़ी, सैय्यद कादिर अली कादरी, जुल्फिकार अली, निज़ाम कादरी, मुबारक कादरी, सहित सेकड़ो अक़ीदतमंद मौजूद रहे । देर रात तक चले जल्से का सलातो सलाम व दुआ के साथ समापन हुआ । उर्स कमेटी के आशु अली, बाबा अली, बंटी अली, आरिफ, शानू, लकी, राज, खलील भाई ने तमाम आए हुए अक़ीदतमंदो का शुक्रिया अदा किया।

# आप भाग्यशाली हो क्योंकि आपने विश्व गुरु भारत में जन्म लिया–मुनि श्री प्रबुद्ध सागर

**जबलपुर, यशभारत।** श्री पिसनहारी की मढ़िया जी तीर्थ स्थल में श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर बरिया वाला एवं सकल जैन समाज के द्वारा आयोजित श्री 1008 श्रीमद् जिन बिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्व शांति की कामना महायज्ञ के चतुर्थ दिवस तप कल्याणक के अवसर पर प्रातः मंगलाष्टक, दिग्बंधन, रक्षा मंत्र, शांति मंत्र अभिषेक, शांतिधारा पूजन के पश्चात मुनि श्री प्रबुद्ध सागर के प्रवचन के साथ महाराजा नाभि राज दरबार. युवराज राजकुमार का विवाह, राज अभिषेक भेंट समर्पण 32000 मुकुट बंध राजाओं द्वारा राज्य संचालन षट्कर्म उपदेश दंड व्यवस्था ब्राहमी सुंदरी विद्याधन आदि सांसारिक व्यवस्था नीलांजना नृत्य युवराज आदि कुमार का वैराग्य, महा आरती जैसे अनेक कार्यक्रम संपन्न हुए । मुनि




श्री प्रबुद्ध सागर ने बताया आप सभी भाग्यशाली हो आप भारत में जन्म लिया। हमें वस्त्रों खानपान मोबाइल आदि पाश्चात्य संस्कृति का अंधानुकरण करने की वजह हमें अपने हथकरघा उद्योग कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना चाहिए। मातृभाषा में ही अधिक से अधिक कार्य करना चाहिए । अहिंसा की सूक्ष्म तम व्याख्या करते हुए बताया कि आप किसी को सुखी नहीं कर सकते लेकिन दुखी अवश्य कर सकते हो आचार विचार में इस बात का अवश्य ध्यान रखना चाहिए। कभी भी संकल्पी हिस्सा नहीं करना चाहिए, लेकिन राष्ट्र रक्षा के लिए हिंसा की जा सकती है क्योंकि वह हिंसा की श्रेणी में नहीं आता है। हमें शाकाहार की ओर बढ़ना चाहिए। किसी भी प्रकार का अभक्ष आहार नहीं करना चाहिए। सिकंदर का जिक्र करते हुए कहा था उसके संग में थी पर्याप्त दौलत लेकिन खाली हाथ ही पड़ा था। भारत ने विश्व को सत्य अहिंसा का संदेश दिया है। हम भाग्यशाली हैं हमने इस भूमि में जन्म लिया है। हम आत्मविश्वास से भरे हुए हैं लोग हैं। हमें बस पाश्चात्य संस्कृति का अनुकरण नहीं करना है। फोटो

# 18वीं जूनियर, सब जूनियर चयन स्पर्धा 18 को

**जबलपुर यशभारत।** कारपोरेशन एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव शिशिर तिवारी ने बताया कि दिनांक 12 से 14 जनवरी 23 में बिहार, पटना साई में आयोजित 18वीं जिला जूनियर सब जूनियर एथलेटिक चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतु कारपोरेशन दल की चयन प्रतियोगिता 18 दिसम्बर 2022 को रांझी स्थित एस.ए.एफ. मैदान में आयोजित की गई हैं। प्रतियोगिता के आयु वर्ग इस प्रकार से हैं- बालक/बालिका 14 वर्ष 15 जनवरी 2009 से 14 जनवरी 2011 15 जनवरी 2007 से 14 जनवरी 2009 ।



# कांग्रेस के चरित्र को उजागर करता पूर्व विधायक राजा पटेरिया का बयान

**जबलपुर,यशभारत।** कांग्रेस नेता एवं पन्ना के पवई विधानसभा के पूर्व विधायक राजा पटेरिया द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर भारतीय जनता पार्टी जबलपुर द्वारा ओमती थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई ।गौरतलब है कि पूर्व विधायक राजा पटेरिया ने पवई जिला पन्ना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की हत्या करने जैसा बेहद शर्मनाक और घृणित बयान सार्वजनिक रूप से दिया है उसके खिलाफ पूरे प्रदेश में भाजपा द्वारा उनके विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया।

**प्रधानमंत्री के लिए की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में भाजपा ने कराई एफआईआर***

भाजपा जिलाध्यक्ष जीएस ठाकुर ने इस अवसर पर कहा कि कांग्रेस के पूर्व विधायक द्वारा जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के लिए बयान दिया गया उससे कांग्रेस का चरित्र और उनके नेताओ की मानसिकता का परिचय मिलता है। जीएस ठाकुर ने कहा आज भारतीय जनता पार्टी और हमारे विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने ओमती थाने में राजा पटेरिया के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है और मांग की है कि संवैधानिक पद पर बैठे एक जनता द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधि जो देश का प्रतिनिधित्व करते है उनके लिये हत्या करने जैसा बयान न सिर्फ निंदनीय है बल्कि अपराध की श्रेणी में भी आता है और प्रधानमंत्री जी की हत्या की साजिश रचने, लोकस्थान में सार्वजनिक बयान देने और राजद्रोह का मामला दर्ज करते हुए कर गिरफ्तारी की जाए।श्री ठाकुर ने बताया एफआईआर में की गई मांग के आधार पर ओमती पुलिस ने धारा भारतीय दंड संहिता की धारा 154 क, 124 क और 504 के तहत मामला दर्ज किया है।इस अवसर पर जिला महामंत्री रजनीश यादव, रत्नेश सोनकर, नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, जय सचदेवा, विधि प्रकोष्ठ संयोजक संदीप शुक्ला, कैलाश साहू, राघवेंद्र लालू यादव, रवि शर्मा, लवलीन आनंद, महेश राजपूत, रेणु कोरी, दामोदर सोनी, राम सोनकर, विमल राय, अविनाश चमकेल, श्याम कनोजिया, अशोक रोहितास, योगेश लोखंडे, मंगन सिद्दीकी, मनीष जैन कल्लू, संदीप शुक्ला, मनमोहन चतुर्वेदी, सुजीत सिंह, अनुशंकर सोनकर, मुज्जमिल अली आदि उपस्थित थे।



# निर्वाचन साक्षरता पर जिला स्तरीय प्रश्नमंच प्रतियोगिता

## विजेता छात्र-छात्राओं को दी गई ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र

जबलपुर, यशभारत। निर्वाचन के विषय पर पिक्चर राउंड, रेपिड राउंड के माध्यम से पूछे गये प्रश्न युवाओं को न केवल जागरूक बनाने में कारगर साबित हो रहे हैं, बल्कि रोचक अंदाज में आयोजित की जा रही प्रश्न मंच प्रतियोगिता ने जिले में निर्वाचन साक्षरता एवं मतदाता जागरूकता की गतिविधि को नया आयाम भी प्रदान किया है।ये उद्गार उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया ने आज सोमवार को हितकारिणी विधि महाविद्यालय में आयोजित द्वितीय चरण की जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये।इस अवसर पर जिला समन्वयक निर्वाचन साक्षरता समिति प्रमोद श्रीवास्तव, प्राचार्य हितकारिणी विधि महाविद्यालय विकास सिंह भी मौजूद थे। महाविद्यालयीन छात्र–छात्राओं की जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में 33 महाविद्यालयों ने सहभागिता की। कार्यक्रम का संयोजन हितकारिणी विधि महाविद्यालय द्वारा किया गया। जिला स्तरीय प्रश्न मंच में के पूर्व महाविद्यालय स्तर पर निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयोजन में प्रश्न मंच का आयोजन किया गया था। जिसके विजेता विद्यार्थी जिला स्तरीय प्रश्न मंच के सहभागी बने ।प्रश्न मंच में छोटे–छोटे वीडियो के माध्यम से रोचक अंदाज में प्रतिभागियों से निर्वाचन विषयक प्रश्न पूछे गए। प्रत्येक राउंड में एक–एक टीम को एलिमिनेट होते देख अन्य टीम बहुत ही संजीदगी एवं सावधानी के साथ खेलती नजर आई। बीच में दर्शकों से भी निर्वाचन विषय से हटकर रोचक प्रश्न पूछे गये। प्रश्न मंच का यह संपूर्ण कार्यक्रम लगभग 6 घंटों तक चला। इसका समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव द्वारा किया गया। डॉक्टर एम.के.रिछारिया, विशाल सिंह झारिया, डॉ रश्मि चौबे एवं श्रीमती आयुषी अग्रवाल को निर्णायक का दायित्व सौंपा गया था। जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता में विजेता में प्रथम स्थान सुश्री तन्वी दवे आदित्य महाविद्यालय, निसार अहमद एनईएस विधि महाविद्यालय एवं शेख आबिद नवाम्बे महाविद्यालय को प्राप्त हुआ। जबकि दूसरा स्थान शैफाली सैनी एनईएस एजुकेशन महाविद्यालय, कार्तिक मिश्रा एनएसएम महाविद्यालय एवं अनिल सिंह ओएफके महाविद्यालय को तथा तीसरा स्थान साक्षी राठौर हितकारिणी विधि महाविद्यालय, अंकित पटेल एसएस कॉलेज एवं आनंद दीप त्रिपाठी को मिला। प्रश्न मंच प्रतियोगिता के विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गये।

# एकीकृत शास शाला कछपुरा में वार्षिक महोत्सव

**जबलपुर,यशभारत।** एकीकृत शास माध्यमिक शाला कछपुरा में वार्षिक महोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया । तत पश्चात शाला की शिक्षिकाओं कल्पना गुप्ता सुरेखा भार्गव ,वीणा दुबे,कुंती कोरी ,पार्वती पटेल ,पुष्पा गुप्ता,कामिनी नेमा द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति की गई। सचिन यादव जी, पार्षद श्रीमती पूजा पटेल, समाज सेवी राम स्वरूप गुप्ता ,संजय शुक्ला,गरिमा मयी उपस्थिति में महापौर ने विद्यार्थियों को भव्य सांस्कृतिक/खेल प्रतिस्पर्धाओं कार्यक्रम को सराहते हुए खेल की महत्ता बताई एवम् प्रमाण पत्र और मैडल वितरण किए।भांगड़ा नृत्य, कू



स्पोर्ट, ऐ रोबिक पीटी एवम् झूमर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां शाला के विद्यार्थियों ने पेश कर अतिथियों,गणमान्य नागरिक और अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में शिक्षक सरोज जैन, कल्पना गुप्ता,सुजाता भगत भारती कथाने, पेट्रिक फ्रांसिस का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम संचालन शिक्षक विवेक रंजन शुक्ला ने किया और आभार प्रदर्शन हरिप्रसन्न त्रिपाठी ने किया।

# सहारा प्रमुख सुब्रत राय को हाईकोर्ट ने किया तलब

# लखनऊ एसपी को 5 लाख रुपए का जमानती वारंट तामील करवाने का आदेश

जबलपुर, यशभारत। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सहारा निवेशकों के पक्ष में सुनवाई करते हुए आज बढ़ा आदेश सुनाया है। हाईकोर्ट ने सहारा समूह के प्रमुख सुब्रत राय सहारा को 5 लाख रुपए का जमानती वारंट भी जारी किया है। इसके साथ ही हाईकोर्ट ने कहा है कि अगली सुनवाई में जवाब देने के लिए हाजिर हो। हाईकोर्ट में यह सुनवाई जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में हुई है , मामले की अगली सुनवाई अब जनवरी के दूसरे सप्ताह में होगी।

सागर निवासी विष्णु प्रसाद साहू , बाघ बाई साहू और ऋषिकांत साहू की याचिका पर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने सुनवाई करते हुए लखनऊ एस.पी को निर्देश दिए है कि वह सहारा प्रमुख सुब्रत राय सहारा के खिलाफ 5 लाख रुपए वारंट तामील करवाने का आदेश भी दिए। याचिकाकर्ता के वकील अंकित मिश्रा ने हाईकोर्ट को बताया कि उन्होंने सहारा पैरा बैंकिंग में अपने रुपए इन्वेस्टमेंट किए थे जिनकी मियाद पूरी हो चुकी है , यह राशि 25 लाख रुपए तक पहुंच गई थी। याचिकाकर्ता ने बताया कि 2 साल पहले निवेश की मेच्योरिटी पूरी हो चुकी थी इसके बाद भी सहारा ने रुपए नही लौटाए।

याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट को बताया कि सहारा कंपनी से 25 लाख रुपए उन्हें लेना है जिसकी 2 साल पहले मेच्योरिटी हो चुकी थी, जब रुपए नही मिलें तो पीड़ित ने भारत सरकार सी.आर.सी ( सेंट्रल रजिस्ट्रार ऑफ कोऑपरेटिव सोसाइटी दिल्ली ) में शिकायत की पर जब वहा भी उन्हें राहत नही मिली तो पीड़ित ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। फिलहाल अब इस मामले में अगली सुनवाई जनवरी के दूसरे सप्ताह होगी।

# सिविल जज , एडीजे अभ्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं को सार्वजनिक करने वाली याचिका खारिज

जबलपुर यशभारत। सिविल जज और एडीजी की भर्ती की परीक्षा को पारदर्शी बनाने के लिए एडवोकेट यूनियन फॉर डेमोक्रेसी एवम सोशल जस्टिस नामक संस्था द्वारा हाईकोर्ट में दायर की गई याचिका पर सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के जस्टिस शील नागू एवं डीडी बसंल की युगलपीठ ने याचिका खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद 25 नवंबर को पैससला सुरक्षित रख लिया था। गत दिवस हाईकोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया। उक्त याचिका मे हाईकोर्ट ने 6 पेज का फैसला पारित करते हुए यह कहते हुए खारिज कर दी कि हाईकोर्ट द्वारा याचिका क्रमांक डब्ल्यूपी ( राईट पीटिशन) 13090/2022 मे 02 सितंबर 22 को पारित आदेश के संबंध मे संविधान के अनुच्छेद 134–ए के तहत प्रमाण पत्र जारी करने की कोई आवश्यकता नही है। हाईकोर्ट के समक्ष उठाए गए विधि के 8 प्रश्नो के संबंध में डिविजन वैंच ने अपना कोई अभिमत नहीं दिया और न ही हाईकोर्ट ने उक्त प्रश्नो को अपने फैसले मे उल्लेखित किया। अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने बताया की हाईकोर्ट के उक्त दोनों फैसलो के विरूद्ध 24 दिसंबर को सुप्रीम कोर्ट मे विशेष अनुमति याचिका ( एसएलपी) दाखिल की जाएगी। हाईकोर्ट मे याचिकाकर्ता की ओर से पैरवी रामेश्वर सिंह ठाकुर विनायकनप्रसाद शाह ने की।

# हिन्दी माध्यम के विद्यार्थी भी कर पाये अंग्रेजी में बातचीत



**जबलपुर, यशभारत। शासकीय कला महाविद्यालय पानगर में कम्युनिकेशन स्किल डेवलपमेंट की साप्ताहिक कार्यशाला आयोजित की गई। वर्ल्ड बैंक, प्रोजेक्ट के अंतर्गत आएक्यूऐसी एवं अंग्रेजी विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में आमंत्रित अंग्रेजी भाषा के एक्सपर्ट ,एजुकेटर ,मोटीवेटर पं लोकेश व्यास द्वारा स्टूडेंटस को अंग्रेजी बोलने में ललक पैदा करने के साथ भाषा बोलने के टिप्स भी दिये गये, जिन्हें सीखकर सात के भीतर सभी स्टूडेंटस अंग्रेजी बोलना शुरू कर दिया। ये बड़ा ही आश्चर्यजनक क्षण था, जब सात दिनों के स्पोकन इंग्लिश सेमिनार के बाद समस्त 127 छात्र –छात्राएं अंग्रेजी बोलते नजर आये। पं लोकेश व्यास जी की टीचिंग स्किल को लेकर सभी बेहद प्रभावित रहे ।**




महाविद्यालय के प्राचार्य के जैन एवं मोना गुप्ता ने बच्चों को संबोधित करते हुए उन्हें उनके उज्वल भविष्य की शुभकामना दी । इसी प्रकार कॉलेज में समय-समय पर व्यक्तित्व विकास अंग्रेजी भाषा पर सेमिनार, इन्टरव्यू ,स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम व अन्य शिक्षा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने की बातें बताईं। सप्त दिवसीय अंग्रेजी भाषा के इस अतिविशिष्ट कार्यक्रम में पं लोकेश व्यास का माल्यार्पण कर विशेष सम्मान महाविद्यालय के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य पी के जैन, मोना गुप्ता,

### तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजा शासकीय कला महाविद्यालय पनागर

लोकेन्द्र बारकट, डॉ अंकिता पाठक, कमलेश्वर व महाविद्यालय के सारे फेकल्टी मेम्बर उपस्थित रहे। शासकीय कला विद्यालय पनागर के छात्रों को पं लोकेश व्यास ने संबोधित करते हुए किया और भविष्य में कैसे सफल हुआ जाये व जीवन में व्यक्तित्व का कैसे सुदृढ़ बनाया जाये इन विषयों की बारीकी से जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती मोना गुप्ता ने छात्रहित में किये गये इस वर्कशॉप की बेहद प्रशंसा करते हुए छात्र-छात्राओं के स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इन सात दिनों में सीखे गये विभिन्न आयामों पर कॉलेज के छात्र छात्राओं के द्वारा अपने अनुभव साझा किये गये एवं मुख्य वक्ता अंग्रेजी भाषा के ट्रेनर पंडित लोकेश व्यास की मुकत कंठ से तारीफ व प्रशंसा की गयी। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता श्री लोकेश व्यास का शाल श्रीफल एवं माला के द्वारा सम्मान भी किया गया।

## विशिष्ट आवासीय विद्यालयों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

**जबलपुर, यशभारत।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जबलपुर में संचालित सीबीएसई पाठ्यक्रम आधारित विशिष्ट आवासीय विद्यालयों में कक्षा 11 वीं की शेष रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के दसवीं उत्तीर्ण तथा कक्षा 11 वीं के सीबीएसई नामांकन वाले छात्र–छात्राओं से एक सप्ताह के भीतर आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। अध्यक्ष जिला प्रवेश समिति विशिष्ट विद्यालय के अनुसार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय नर्रईनाला जबलपुर में वाणिज्य संकाय की एक सीट, एकलव्य आदर्श आवासीय महाविद्यालय रामपुर छापर में कला की आठ एवं वाणिज्य संकाय की तीन कुल 11 सीट तथा ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय रांझी में गणित की 22 एवं वाणिज्य संकाय की 13 कुल 35 सीटें कक्षा 11 वीं की रिक्त हैं। इन रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र–छात्रा संबंधित विद्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर आवेदन दे सकते हैं। इनके अलावा विमुक्त जनजातियॉं, घुमक्कड़ एवं अर्द्धघुमक्कड़ समुदाय के छात्र–छात्रा तथा ऐसे बच्चे जिन्होंने अपने माता–पिता को वामपंथी उग्रवाद, उग्रवाद या कोविड के कारण खो दिया है वे भी प्रवेश हेतु आवेदन दे सकेंगे। विधवा की संतान, दिव्यांग माता–पिता की संतान तथा अनाथ या भूमिदाता (जिन्होंने विद्यालय भवन के लिए भूमि दान की हो) वर्ग के विद्यार्थी भी प्रवेश हेतु आवेदन के पात्र होंगे।

# भेड़ाघाट के शिवमंदिर में दो सांपों की लीला



### मुख्य द्वार में बैठकर फुस्सकार रहे थे

जबलपुर, यशभारत। भेड़ाघाट के एक घर में बने शिवमंदिर में दो सांपों की लीला ने सबको हैरान कर दिया। मंदिर के मुख्य द्वार में बैठकर दोनों सांप फुस्सकार रहे थे जिससे घर के और आसपास के लोग दहशत में थे। सांपों के निकलने की जानकारी सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे को दी गई। सूचना पर पहुंचे सर्प विशेषज्ञ ने दोनों सांपों को कब्जे में लेते हुए जंगल में छोड़ दिया।

सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे ने बताया कि सोमवार की रात भेड़ाघाट चौराहे पर रहने वाले दीपांशु साहू ने सूचना दी कि उसके घर में बने शिवमंदिर में दो सांप निकले हैं। मौके पर जाकर देखा तो एक सांप मंदिर के अंदर बैठा था जबकि दूसरा मुख्यद्वार पर। दोनों को पकड़ने की कोशिश की तो दोनों मुख्यद्वार आकर फुस्सकारने लगे। लंबी मशक्कत के बाद दोनों सांप को कब्जे में लेकर बरगी जंगल में छोड़ा गया।

### इस प्रजाति के थे दोनों सांप

दीपांशू साहू के घर में निकले दोनों सांप कील बैक चैकर्ट प्रजाति के थे। घर के लोगों ने जानकारी देते हुए बताया था कि दोनों सांप करीब एक घंटे से शिवमंदिर में बैठकर लीला कर रहे थे। इसकी वजह से क्षेत्र में दहशत का माहौल था, कुछ लोगों ने सांपों को भगाने की कोशिश की परंतु फुस्सकारने की वजह से वह डर गए और सांपों को मंदिर में ही छोड़कर किनारे खड़े हो गए।

# निवेदन - आवेदन नहीं अब दनादन होगा :संजय यादव



### बरगी विधानसभा की उपेक्षा को लेकर कलेक्ट्रेट में होगा प्रदर्शन

जबलपुर,यशभारत। निवेदन और आवेदन का समय बीत गया है अब समय आ गया है दना दन का यह कहना है बरगी से कांग्रेस विधायक संजय यादव का जो मंगलवार को पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार पर आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में पेयजल शिक्षा स्वास्थ्य जैसी मूलभूत समस्याएं हैं जिसको लेकर उन्होंने कई बार संबंधित अधिकारियों व प्रतिनिधियों से चर्चा की लेकिन उन्हें सिर्फ आश्वासन मिला कोई कार्य नहीं हुआ जिसको लेकर अब सीधे कलेक्ट्रेट में जाकर प्रदर्शन शुरू करने वाले हैं । इसके अलावा उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि भाजपा नेताओं के दबाव में जिला योजना समिति की बैठक बंद कर दी गई है जिसके माध्यम से वे जनता की आवाज संबंधित अधिकारियों व प्रभारी मंत्री तक पहुंचाते थे लेकिन अब उनकी आवाज को भी दबाने का प्रयास किया जा रहा है साथ ही साथ उन्होंने मुख्यमंत्री पर भी भेदभाव का आरोप लगाया। पत्रकारवार्ता में पूर्व मंत्री एवं विधायक तरुण भनोट, विधायक विनय सक्सेना, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश यादव, सम्मति सैनी आदि उपस्थित थे।

# भू–माफिया गोल्डी सोनकर के कब्जे से मुक्त हुई शासकीय भूमि



**जबलपुर यशभारत।** जिला प्रशासन द्वारा आज पुलिस और नगर निगम के सहयोग से की गई कार्यवाही में हाईकोर्ट सोसायटी के पीछे नयागांव छापर में भू-माफिया गोल्डी सोनकर के कब्जे से शासकीय भूमि को मुक्त कराया गया।



## सम्मान पाकर खुशी से झूम उठे काशी -तमिल संगमम ट्रेन के यात्री

**जबलपुर यशभारत।** काशी –तमिल संगमम के तहत जबलपुर से गुजरने वाली यात्री गाडियों के क्रम में प्लेटफार्म क्रमांक 05 पर ग्यारवीं ट्रेन न. 22669 एर्नाकुलम पटना का आगमन हुआ। इस अवसर पर मण्डल वाणिज्यिक प्रबंधक सुनील कुमार श्रीवास्तव, स्टेशन डायरेक्टर म्रत्युन्जय कुमार, आर.पी.एफ. थाना प्रभारी एस.के. मंसूरी, स्टेशन प्रबंधक संजय जैसवाल रेलवे चिकित्सक एस एस मीणा सहित रेलवे के अनेक अधिकारियो ने उक्त ट्रेन के यात्रियों का स्वागत किया. डी.आर.एम. विवेक शील के निर्देशन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्व रंजन के मार्गदर्शन में हुए उक्त सम्मान से सभी यात्री बहुत खुश न?र आये तथा स्टेशन पर अभिवादन को स्वीकार किया।काशी तमिल संगमम के तहत होने वाली इस यात्रा को डेलीगेट्स ने सांस्कृतिक मिलन कि दिशा में उपयुक्त कदम बताया। जबलपुर पर हुए स्वागत सत्कार कि प्रशंशा करते हुए डेलीगेट्स अपने गंतव्य काशी की ओर रवाना हुए. इस ट्रेन में 216 यात्री दक्षिण भारत से काशी के लिए जा रहे है जो कि काशी–तमिल संगमम 2022 आजादी के अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में दक्षिण भारत और उत्तर भारत के सांस्कृतिक आदान प्रदान द्वारा सरकार के एक भारत श्रेष्ठ भारत समारोह में शामिल होंगे।

## प्रदेश के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बढ़ाया जाए–मांग

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेष जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने प्रदेश के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बढ़ाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि संघ के द्वारा मुख्य मंत्री को पत्र लिख कर प्रदेष के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट बढ़ाने की मांग की गई है, क्योंकि वर्षों से प्रदेष के कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट नहीं बढ़ाया गया जिससे कर्मचारियों का इस बढ़ती हुई मंहगाई के दौर में किराय के मकान में रहना दूभर हो गया है। क्योंकि जहां एक तरफ शासन द्वारा हाऊस रेन्ट अति न्यूनतम राशि के रूप में दिया जा रहा है वहीं दूसरी तरफ मंहगाई अपनी चरम सीमा पर है ऐसे में हाऊस रेन्ट कर्मचारियों का बढ़ाया जाना चाहिए। संघ ने आगे बताया कि इस मंहगाई के दौर को ध्यान में रखते हुए शासन को ग्रामीण एवं शहर में कार्य कर रहे कर्मचारियों का हाऊस रेन्ट कम से कम 4 से 5 हजार रूप्ये करना चाहिए। जिसका लाभ ग्रामीण और नगर में कार्य करने वाले कर्मचारियों को समान रूप से मिलना चाहिए। क्योंकि मंहगाई सभी के लिए समान होती है तो समान कार्य करने हेतू सभी को समान हाऊस रेन्ट दिया जाना चाहिए।

### 31 सूत्रीय मांगों के समर्थन में भोपाल के में प्रदर्शन

जबलपुर, यशभारत। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ द्वारा कर्मचारियों 31 सूत्रीय मांगों के समर्थन में भोपाल के अंबेडकर मैदान में प्रदर्शन किया गया । सुरेंद्र पाठक जिलाध्यक्ष मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ जबलपुर ने बताया कि इस प्रदर्शन में मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ से जुड़े हुए प्रदेश के सभी के सभी जिलों के कर्मचारी उपस्थित हुए । प्रदर्शन के दौरान मुख्य सचिव ने संघ के प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत सिसोदिया को कर्मचारियों की मांगो पर चर्चा हेतु बुलाया गया

# सीनियर सिटीजन्स को जल्द मिलेगी रेल किराए में छूट

### आयु सीमा में बदलाव संभव, मार्च 2020 से बंद है रियायत



**जबलपुर, यशभारत।** सीनियर सिटीजन्स को रेलयात्रा में मिलने वाली छूट को जल्द बहाल करने की घोषणा रेलवे बोर्ड ने की है। साथ ही पात्रता मानदंडों में भी बदलाव के संकेत दिए हैं। माना जा रहा है रेलवे बोर्ड सीनियर सिटीजन्स के लिए आयु सीमा में बदलाव करेगा। साथ ही टिकट पर मिल रही रियायतों को सिर्फ कुछ कैटेगिरी तक ही सीमित करने का प्रस्ताव है। रेलवे अभी तक ट्रेन में सभी नागरिकों को किराए पर औसतन 53 प्रतिशत छूट देता रहा है। दिव्यांग, स्टूडेंट्स, मरीजों को इस छूट के अलावा अन्य रियायतें मिलती हैं। महिला सीनियर सिटीजन पैसेंजर्स 50 प्रतिशत रियायत के लिए एलिजिबल होती हैं जबकि पुरुष और ट्रांसजेंडर सभी वर्गों में 40 प्रतिशत छूट का लाभ मिलता था। यह छूट गरीब रथ, गतिमान, हमसफर व सुविधा ट्रेनों को छोड़कर सभी गाड़ियों में मिलती थी। गौरतलब है कि कोरोनाकाल में 19 मार्च 2020 में रेलवे ने कई रियायतें बंद कर दी थी।


**रोजगार प्रशिक्षण**

**क्या आप रोजगार चाहते हैं**

**आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें**

कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है

register nline@
https://www.grow.org.in

**90099-85689**


### फॉग सेफ्टी डिवाइस से लैस हुए रेल इंजन

# अब कोहरे में भी कम नहीं होगी ट्रेनों की रफ्तार



**जबलपुर, यशभारत।** ठंड के मौसम में कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार कम हो जाती है क्योंकि कोहरे के कारण लोको पायलट को एक निर्धारित दूरी से सिग्नल स्पष्ट नहीं दिखता और उसे ट्रेन की रफ्तार कम करना पड़ जाती है। जिसके कारण अधिकांश ट्रेनें ठंड के मौसम में विलंब से चलना शुरू हो जाती हैं लेकिन रेलवे ने अब इसका तोड़ भी निकाल लिया है। रेलवे के द्वारा सर्दियों में कोहरे के दौरान रेलवे संचालन में संरक्षा एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाओं का उपयोग किया जा रहा है। सर्दियों के मौसम में कोहरे के कारण ट्रेनें लेट न हो इसलिए कोहरे से प्रभावित रेलखंडो पर फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। पमरे के तीनों रेल मंडलों में 1032 फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग किया जा रहा है। जिसमें जबलपुर रेल मंडल में 338, भोपाल रेल मंडल में 291 तथा कोटा रेल मंडल में 403 फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग रेल इंजनों में किया जा रहा है।

### लोको पायलटों को मिली यह सुविधा

फॉग सेफ्टी डिवाइस उपल्ब्ध हो जाने से कोहरे प्रभावित सेक्शनों में लोको पायलटों को अत्यधिक मदद मिल रही है। यह डिवाइस आरडीएसओ लखनऊ द्वारा प्रमाणित है। उल्लेखनीय है कि फॉग सेफ्टी डिवाइस यह ऐसा डिवाइस है जो जीपीएस टेक्नोलॉजी पर काम करता है। इस डिवाइस की मदद से ट्रेनों की अधिकतम अनुमेय गति (एमपीएस) को लगातार बनाए रखा जा सकता है। यह डिवाइस जीपीएस टेक्नोलॉजी से एनेबल है और जीपीएस से रेलवे ट्रैक का मैप, सिग्नल, स्टेशन और रेल्वे क्रॉसिंग की जानकारी जुड़ी होती है। यह सिस्टम लोको पायलट को ट्रेन चलने के दौरान लेवल क्रॉसिंग और सिग्नल की जानकारी देता रहता है। ट्रेन चलाने के दौरान जब लोको पायलट को फॉग सेफ्टी डिवाइस से पता चल जाता है कि ट्रैक पर आगे कोई दिक्कत नहीं है तो वह उसी हिसाब से ट्रेन की गति बढ़ाता है। फॉग सेफ्टी डिवाइस का उपयोग करने से ट्रेनों की गति बढ़ेगी, जिससे यात्रियों को समय से गंतब्य तक पहुंचने में आसानी होगी तथा लेट-लतीफी के कारण परेशानियों से बचा जा सकेगा।

## कलेक्टर ने फील्ड पर पहुंचकर कराया सीमांकन

जबलपुर, यशभारत। कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन आज सीमांकन की गतिविधियों को देखने के लिये स्वयं फील्ड पर पहुंचे और वास्तविक स्थिति में वास्तविक सीमांकन को देखा। सीमांकन के दौरान उन्होंने विजय नगर स्थित होटल विराज के पीछे की जमीन का सीमांकन टीएसएम मशीन के माध्यम से अपने सामने करवाया तथा बरेला में भी नहर के पास स्थित भूमि का सीमांकन कराया। कलेक्टर ने इस दौरान संबंधित अधिकारियों से कहा कि जिले में जितने भी सीमांकन के लंबित प्रकरण हैं उन्हें प्राथमिकता से निराकरण करें। इस दौरान अपर कलेक्टर सुश्री विमलेश सिंह, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती कलावती बयारे, एसएलआर श्री ललित ग्वालवंशी तथा संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, आरआई एवं पटवारी उपस्थित थे।

**जिले में जितने भी सीमांकन के लंबित प्रकरण हैं उन्हें प्राथमिकता से निराकरण करें=कलेक्टर**

## जबलपुर कारपोरेशन की पुरुष टीम बनी फर्स्ट रनरउप



**जबलपुर, यशभारत।** छिन्दवाडा में आयोजित सीनियर राज्य स्तरीय पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में जबलपुर कारपोरेशन पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 स्वर्ण 3 रजत 1 कांस्य पदक एवं पुरुष वर्ग की फर्स्ट रनर अप ट्राफी पर कब्ज़ा जमाया महिला वर्ग 43 किलोग्राम वर्ग में स्वेता राजपूत रजत पदक 52 किलोग्राम में सरिता कुमारी स्वर्ण पदक पुरुष वर्ग 59 किलोग्राम में वीरेंद कोल रजत पदक 66 किलो ग्राम में लक्की पटेल कांस्य पदक 83 किलोग्राम में दमन अरोरा ने रजक पदक प्राप्त किया खिलाड़ियों की उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल सचिव एस तन्देलु डब्लू लाल जगदीश रजक ललित जान भगवन दास . मान सिंह, लोरेन्स मार्टिन राक्सन सिंह, रोमित सिंह, दीनू स्वामी दीपक टिगरे एवं एसोसिएशन के समस्त पदाधिकारियों ने बधाई दी ।


**Office of the Executive Engineer (Elect.)**
**Jabalpur Municipal Corporation (MP)**
**Notice Inviting E-Tender**
**(1st Call)**

NIT No. JMC/Light/2022-23/34/PRO/548 Date12/12/2022

Jabalpur Municipal Corporation invites tender for the 'Pole & Line (HT/LD)Shifing work at Kathonda Jabalpur' Detail of tender s can be obtained/ download from our web-site www.mptenders.gov.in

**Executive Engincer (E)**
**JMC Jabalpur (MP)**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**गोरखपुर जिला- जबलपुर**

रा.प्र.क्र.1457/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 12/12 /22

**-: आम इश्तहार :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुगवा पहनं 19 तहसील गोरखपुर 1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिक मंजू चक्रवर्ती पिता सूरजू चक्रवर्ती जाति चक्रवर्ती निवासी 1449, शारदा चौक गढ़ा जबलपुर के द्वारा ग्राम कुंगवा बंदोबस्त नंबर449 पहनं 19 में स्थित खसरा नंबर 113 रकवा क्रमश 1000 वर्गफुट मकान वर्गफुट हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 18255018 ए 1242798 दिनांक 9.4.2018 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 12/12/22
पेशी दिनांक - 27/12/2022

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी**
**गोरखपुर**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**गोरखपुर जिला- जबलपुर**

रा.प्र.क्र.1458/अ-6/2022-2023
जबलपुर, दिनांक 12/12 /22

**-: आम इश्तहार :-**

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम कुगवा पहनं 19 तहसील गोरखपुर 1 जिला जबलपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती नीतू चक्रवर्ती पति मंजू चक्रवर्ती जाति चक्रवर्ती निवासी 1449, शारदा चौक गढ़ा जबलपुर के द्वारा ग्राम कुंगवा बंदोबस्त नंबर449 पहनं 19 में स्थित खसरा नंबर 113/3 रकवा क्रमश 1000 वर्गफुट मकान वर्गफुट हेक्टेयर पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक एमपी 18255018 ए 1243121 दिनांक 9.4.2018 के माध्यम से क्रय कर राजस्व अभिलेखों में नामांतरण हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किये जाने से प्रकरण विचाराधीन है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति हो तो लिखित में आपत्ति मय दस्तावेज पेशी दिनांक तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

यह इस्तहार न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया ।

जारी दिनांक - 12/12/22
पेशी दिनांक - 27/12/2022

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी**
**गोरखपुर**

## दत्तात्रेय होसबाले ने कहा, स्वतंत्र भारत में अपने पैरों पर खड़े होने के जो प्रयत्न होने चाहिए थे, वे नहीं हुए

**भोपाल यशभारत।** भारत में लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार देने की व्यवस्था थी पर हम पिछड़ गए। स्वतंत्र भारत में अपने पैरों पर खड़े होने के वह प्रयत्न नहीं हुए, जो होने थे। हमें विचार करना चाहिए कि कैसे अपने स्तर पर रोजगार बढ़ाने के प्रयास कर सकते हैं। यह बात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कही। वे स्वदेशी जागरण मंच के जिला रोजगार सृजन केंद्रों के लोकार्पण के बाद बोल रहे थे।



उन्होंने स्वावलंबी भारत अभियान के तहत सोमवार को भोपाल केंद्र का प्रत्यक्ष और विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, अशोकनगर, गुना, शिवपुरी, दतिया, ग्वालियर, भिंड, मुरैना और श्योपुर केंद्रों का वर्चुअल लोकार्पण किया। होसबाले ने कहा कि रोजगार के लिए इकोसिस्टम बनाने की जरूरत है। प्रशासनिक अधिकारियों को स्वरोजगार के लिए सरकारी सहायता चाहने वाले युवाओं को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्हें मार्गदर्शन दें, उन पर भरोसा करें। चाहे स्वरोजगार छोटा हो पर समाज में इसके प्रति सकारात्मक वातावरण बनना चाहिए। भारत को स्वावलंबी बनाने का यह अभियान समूचे समाज का अभियान बनना चाहिए। यहां खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के उप मुख्य कार्यकारी अधिकारी ओमप्रकाश, स्वावलंबी भारत अभियान के अखिल भारतीय सह समन्वयक जितेंद्र गुप्त और स्वदेशी जागरण मंच मध्य भारत प्रांत की महिला कार्य प्रमुख प्रतिभा चतुर्वेदी उपस्थित थे। जितेंद्र गुप्त ने कहा कि सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र के 24 संगठनों ने भारत को स्वावलंबी बनाने का संकल्प लिया है।

# पीएससी के 113 प्रतिशत रिजल्ट घोषित करने के फार्मूले का विरोध

**भोपसल, यशभारत। मप्र लोकसेवा आयोग (पीएससी) द्वारा घोषित किए जा रहे 113 प्रतिशत रिजल्ट को कोर्ट में चुनौती दे दी गई है। करीब चार वर्षों से प्रदेश में ओबीसी के बढ़े हुए आरक्षण पर जारी विवाद कोर्ट में लंबित है। इतने वर्षों में रिजल्ट घोषित नहीं होता देख पीएससी बीते महीनों से बीच के फार्मूला से नतीजे जारी कर रहा है। पदों के मुकाबले 87 प्रतिशत का मुख्य परिणाम और 13-13 प्रतिशत के दो प्रावधिक परिणाम घोषित किए जा रहे हैं। इसे नियम और कानून के विपरीत बताते हुए अभ्यर्थियों ने कोर्ट का दरवाजा खटखटा दिया है।**

पीएससी बीते महीनों से एक के बाद एक करीब पांच परीक्षाओं के अंतिम परिणाम 87-13-13 के फार्मूले पर घोषित कर चुका है। आयोग के अनुसार प्रदेश शासन के



सामान्य प्रशासन विभाग ने इस फार्मूले के आधार पर आयोग को रिजल्ट घोषित करने

आरक्षण के पक्ष में निर्णय सुनाता है तो पीएससी 13 प्रतिशत ओबीसी वाली प्रावधिक सूची को चयनित मुख्य सूची में शामिल कर लेगा। यदि फैसला ओबीसी के बड़े आरक्षण के विरोध में आता है तो अनारक्षित वर्ग के 13 प्रतिशत प्रावधिक को मुख्य सूची में शामिल कर लिया जाएगा।

### सही नहीं है फार्मूला

87-13-13 के फार्मूले को चुनौती देते हुए

## कोर्ट में याचिका

के निर्देश दिए हैं। इसमें 14 प्रतिशत ओबीसी आरक्षण को आधार बनाकर 87 प्रतिशत पदों के अनुक्रम में मुख्य परिणाम घोषित किया जाता है। शेष दो प्रावधिक नतीजे होते हैं। एक में 13 प्रतिशत अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवार होते हैं। जबकि एक अन्य सूची में 13 प्रतिशत ओबीसी के उम्मीदवारों की चयन सूची होती है। पीएससी के अनुसार आने वाले समय में कोर्ट का निर्णय आरक्षण के मामले में कुछ भी हो चयन सूची मान्य रहेगी। यदि कोर्ट ओबीसी के बढ़े हुए

छात्र नवीन मेश्राम ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। पीएससी द्वारा केविएट दायर होने के कारण कोर्ट पहले पीएससी का पक्ष जान रहा है। याचिकाकर्ता के वकील विभोर खंडेलवाल के अनुसार, दरअसल पीएससी ने बीते दिनों जो रिजल्ट जारी किए उसमें ओबीसी के कटआफ अनारक्षित वर्ग के उम्मीदवारों से ज्यादा है। इसी तरह महिला अभ्यर्थियों के चयन का कोई आंक?ा नहीं है। पीएससी ने प्रावधिक सूची में 13 प्रतिशत जो अनारक्षित सूची बनाई है।

## पटवारी भर्ती परीक्षा के पदों की संख्या बढ़ी, 19 जनवरी तक करें ऑनलाइन आवेदन

भोपाल, यशभारत। मप्र कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आयोजित की जाने वाली पटवारी भर्ती परीक्षा के पदों की संख्या बढ़ा दी गई है। अब यह भर्ती 6 हजार 755 पदों पर होगी। इससे पहले जारी नोटिफिकेशन में 2 हजार 736 पदों पर पटवारी की भर्ती निकाली थी। चयन मंडल ने अपडेटेड नियमावली जारी कर दी है। इसमें पटवारी समेत कुल 7983 पदों पर भर्ती निकाली है। यह भर्ती ग्रुप 2 (सब ग्रुप 4 ) के तहत निकाली गई है उम्मीदवार 5 से 19 जनवरी 2023 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। 24 जनवरी तक आवेदन में त्रुटि कर सकते हैं। यह परीक्षा 15 मार्च 2023 को दो शिफ्ट में आयोजित की जाएगी।यह परीक्षा दो चरणों में होगी। पहला चरण का समय सुबह नौ बजे से दोपहर 12 बजे तक रहेगा। दूसरे चरण का समय दोपहर 2.30 से शाम 5.30 बजे तक रहेगा। यह परीक्षा भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, रतलाम, सतना, खंडवा, नीमच, मंदसौर, सीधी, रीवा, सागर में आयोजित की जाएगी।



## स्कूल बस में बच्चियों से बलात्कार के दोषी को जीवत पर्यंत तिहरा आजीवन कारावास

भोपाल, ईएमएस। स्थानीय अदालत ने तीन महीने पहले हुई स्कूल बस में दो बच्चियों के साथ बलात्कार की घटना के मुख्य आरोपी को दोषी करार देते हुए उसे जीवन पर्यंत तिहरे आजीव कारावास और मामले में सहआरोपी महिला को दोषी करार देते हुए 20 साल सश्रम कारावास की सजा सोमवार को सुनाई।जिला अभियोजन अधिकारी मनोज त्रिपाठी ने बताया, ''आज विशेष पॉक्सो अदालत की न्यायाधीश शैलेजा गुप्ता ने भोपाल में स्कूल बस में दो बच्चियों के साथ हुए बलात्कार के मामले के दोषी स्कूल बस चालक हनुमत जाटव को भादंसं की धारा 376 (एबी), 376 (2) एन एवं पॉक्सो एक्ट में अंतिम सांस तक जेल में बंद रहने की, तिहरा आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।'' उन्होंने बताया, ''अदालत ने इस मामले में सहआरोपी बस केयरटेकर उर्मिला साहू को पॉक्सो एक्ट में 20 वर्ष का सश्रम कारावास की सजा भी सुनाई है।'' त्रिपाठी ने बताया कि अदालत ने इन दोनों पर 32-32 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है कुल राशि का आधा हिस्सा दोनों बच्चियों में बराबर बांटने को कहा है। उन्होंने कहा कि अदालत ने अपने फैसले में विशेष टिप्पणी करते हुए कहा, ''जब पवित्र शिक्षण संस्थाओं में ही बालिकाओं की सुरक्षा सुनिश्चित ना हो तो समाज में बलिकाओं/महिलाओं के स्वतंत्र अस्तित्व विकास की परिकल्पना नहीं की जा सकती तथा आरोपीगण द्वारा किया गया कार्य न केवल घृणित व गंभीर प्रकृति का है ।

# जयंत मलैया के बहाने भाजपा के कई दिग्गज नेताओं ने की संगठन की घेराबंदी

**भोपाल ,यशभारत।** मध्य प्रदेश के दमोह में रविवार को पूर्व मंत्री व दिग्गज भाजपा नेता जयंत मलैया के अमृत महोत्सव में हुए एक घटनाक्रम ने पार्टी को ही चौंका दिया। दमोह विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी की हार के बाद पार्टी द्वारा मलैया को दिए नोटिस को राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने गलत बताते हुए हाथ जोड़कर मंच से ही उनसे माफी मांगी। यह घटनाक्रम संकेत है कि फिलहाल तो प्रदेश भाजपा में सब कुछ सहज नहीं चल रहा। ऐसे घटनाक्रम से भाजपा के असंतुष्टों को ताकत भी मिली है। दरअसल, नोटिस देने का निर्णय अकेले प्रदेश भाजपा संगठन, खासतौर से प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने नहीं लिया था, बल्कि जिला संगठन की रिपोर्ट और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल द्वारा उठाए गए मुद्दों के आधार पर मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश संगठन महामंत्री सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की सहमति के बाद हुआ था।ऐसे में राजनीतिक जानकारों का कहना है कि संगठन के फैसले को गलत ठहराना सवाल खड़ा



करता है कि यह बदलाव के लिए घेराबंदी तो नहीं है? यह भी माना जा रहा है कि इस घटनाक्रम के पीछे कई अन्य कारण भी हैं। जैसे मलैया की सेवाएं आगे भी लिए संबंधी बयान का अर्थ यह भी लगाया जा सकता है कि पार्टी ने असंतुष्ट नेताओं के सामने घुटने टेक दिए हों। दूसरा पक्ष यह भी है कि मलैया के अमृत महोत्सव में जितने दिग्गज नेता जुटे, उनमें से अधिकांश अपने बेटों को सियासत में स्थापित करना चाहते हैं, कहीं यह दबाव बनाने की रणनीति का हिस्सा तो नहीं? यहां आए कई दिग्गज 75 वर्ष की उम्र की दहलीज पर हैं या छह-सात बार चुनाव लड़ने के कारण उन्हें अपना टिकट काटे जाने का डर है। जिसके चलते सभी लोग मिलकर दबाव बना रहे हैं।

### मलैया के बेटे सहित पांच मंडल अध्यक्षों को किया था निष्कासित


वर्ष 2020 में ज्योतिरादित्य सिंधिया और उनके समर्थकों के आने के बाद दमोह विधानसभा सीट से कांग्रेस के विधायक राहुल सिंह लोधी ने भी इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया था। वर्ष 2021 में दमोह में उपचुनाव हुआ तो लोधी भाजपा प्रत्याशी के रूप में खड़े हुए और 17089 वोटों से कांग्रेस से हार गए। इसके बाद भाजपा संगठन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर दमोह से लंबे समय तक विधायक रहे जयंत मलैया को कारण बताओ नोटिस जारी किया, साथ ही उनके बेटे सिद्धार्थ और उनके समर्थक पांच मंडल अध्यक्षों को पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते निष्कासित कर दिया था।

### नगरपालिका चुनाव में भी भाजपा हारी

इसके बाद 2022 में नगरीय निकाय चुनाव में भी टीम सिद्धार्थ मलैया यानी टीएसएम ने अघोषित पार्टी के रूप में भाजपा से अलग चुनाव लड़ा और सभी 39 वार्ड में अपने प्रत्याशी उतारे। इसमें 14 भाजपा, 17 कांग्रेस और सिद्धार्थ मलैया के पांच समर्थक और तीन निर्दलीय पार्षद जीते थे, जब अध्यक्ष का चुनाव हुआ तो कांग्रेस ने नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा कर लिया।

### जैन वोट बैंक के लिए साधे समीकरण

बुंदेलखंड में जैन वोट मतदाताओं की संख्या काफी है। मलैया को जैन समाज का सबसे बड़ा नेता माना जाता है। यही कारण है कि मलैया के 75 साल के हो जाने के बाद भी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हम मलैया की सेवाएं लेते रहेंगे।



# कोहरा, बादल, तेज बारिश और रात के तापमान में उछाल...

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश में अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया है। दिन और रात के तापमान में ज्यादा अंतर नहीं है। रात में तापमान सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक है। अचानक मौसम में बदलाव की वजह से लोग सकते में हैं। मंगलवार की सुबह से भोपाल में तेज बारिश हो रही है। साथ ही तेज हवा भी चल रही है। वहीं, कोहरा के साथ आसमान में बादल भी छाए हुए हैं। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक ऐसा ही मौसम रह सकता है। अभी मौसम में बदलाव के कोई संकेत नहीं है। कोहरा और बादल की वजह से ठंड कम रहेगी। वहीं, बादल छंटने और बारिश थमने के बाद एमपी में ठंड बढ़ जाएगी। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इसके बाद न्यूनतम तापमान में तेजी के साथ गिरावट होगी। अभी लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग ने भोपाल समेत प्रदेश के दूसरे हिस्सों में भी बारिश की चेतावनी जारी की है। साथ ही कहा है कि रात के तापमान में जबरदस्त तेजी आएगी। तापमान में बढ़ने की वजह से रात में ठंड कम हुई है।

**भोपाल में अचानक बदले मौसम के तेवर**

### सामान्य से छह डिग्री अधिक है तापमान

भोपाल में अधिकतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। यह सामान्य से अधिक है। वहीं, न्यूनतम तापमान 17.2 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। यह सामान्य से छह डिग्री सेल्सियस अधिक है। दो दिन पहले तक एमपी में अधिकतम तापमान आठ से नौ डिग्री सेल्सियस के बीच था। अचानक से छह से सात डिग्री तक का उछाल आया है। इसके बाद रात में ठंड कम हो गई है।वहीं, छतरपुर जिले के नौगांव में सबसे कम तापमान रेकॉर्ड किया गया है। नौगांव में सोमवार को 9.5 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा है। इसके साथ ही छिंदवाड़ा, मंडला, जबलपुर, उमरिया और भोपाल में बूंदाबांदी हुई है। मंगलवार को भी इन जगहों पर बारिश हो रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार मंगलवार को भी भोपाल में बादल छाए रहेंगे। दिन में 27 और रात में 17 डिग्री तापमान रहने का पूर्वानुमान है।





## सीएम के बेटे कार्तिकेय सिंह चौहान ने कहा दूर-दूर तक चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नही

**भोपाल, यशभारत।** मध्यप्रदेश नेता पुत्रों की सियासी एंट्री को लेकर कई तरह की अटकलें हैं। सीएम शिवराज सिंह चौहान के बेटे कार्तिकेय चौहान को लेकर भी 2018 से ही कयास हैं। वह अपने पिता के क्षेत्र में काफी एक्टिव भी रहते हैं। सीहोर पहुंचे कार्तिकेय सिंह चौहान ने मीडिया से बात की है। उन्होंने कहा है कि मेरी दूर-दूर तक चुनाव लड़ने की कोई इच्छा नहीं है। मैं एक कार्यकर्ता के रूप में कार्य कर रहा हूं। कार्तिकेय सिंह चौहान सीएम शिवराज के बड़े लड़के हैं। वह अपनी मां के साथ भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में दिखते हैं। कुछ समय पहले ही विदेश से पढ़ाई कर लौटे हैं। दरअसल, कार्तिकेय सिंह चौहान को क्रिकेट में भी काफी रुचि है। वह हर साल सीहोर में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन करवाते हैं। इस बार जिले के रेहटी में प्रेम सुंदर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। इसमें बुधनी क्षेत्र की 14 क्रिकेट टीमें खेलेंगी। सीएम के बेटे अपने दादा के नाम पर इस टूर्नामेंट का आयोजन करवाते हैं। इसे लेकर क्षेत्र में बड़ा उत्साह रहता है। टूर्नामेंट के दौरान देश के कई पूर्व क्रिकेटर और बड़े नेता भी आते हैं।

### 2018 से लग रहे हैं कयास

दरअसल, लंबे अर्से से एमपी की राजनीति में यह कयास लगाए जा रहे हैं कि शिवराज सिंह चौहान की बेटे अपनी सियासी पारी की शुरुआत कर सकते हैं। साथ ही यह भी अटकलें हैं कि वह पिता के क्षेत्र से ही चुनावी पारी शुरू कर सकते हैं। उसी क्षेत्र में सबसे ज्यादा एक्टिव रहते हैं। हालांकि वह लगातार चुनाव लड़ने की बात को खारिज करते रहते हैं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यह अटकलें थीं कि वह चुनावी मैदान में उतर सकते हैं।

# जीप के बोनट पर खड़ा गैंगस्टर, अगल-बगल रिवर्स दौड़ती कारें

## जुबैर मौलाना की जुर्रत पर गृहमंत्री सख्त

**भोपाल, ईएमएस।** दहशतगर्द और गैंगस्टर जुबैर मौलाना राजधानी भोपाल में बैखौफ घूम रहा है। वह अपने एक दर्जन से ज्यादा गुर्गों के साथ सड़क पर चलते चार पहिया वाहन पर स्टंट कर रहा है। एक ऐसा ही वीडियो इंटरनेट में वायरल हो रहा है। वीडियो में दिख रहा है कि उसके वाहन के आगे एक कार सड़क पर लगातार रिवर्स चल रही है। गैंगस्टर जुबैर पहले भी इस तरह के स्टंट करके इंटरनेट में वायरल करते रहा है, लेकिन इस बार मध्य प्रदेश सरकार उस पर सख्ती बरतने के मूड में दिख रही है।गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने इस वीडियो को देखने के बाद कहा कि हम वीडियो का परीक्षण करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुख्यात अपराधी जुबैर मौलाना की जमानत देने वालों की जमानत जप्त होगी। उन पर गिरफ्तारी की धाराएं लगेगी। गृह मंत्री ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान कहा कि मध्य प्रदेश में कानून का राज है, ये अपराधियों को स्पष्ट समझना चाहिए।बदमाश जुबैर मौलाना अपने साथी बदमाश सन्नी मलिक के साथ शुक्रवार के गांधी नगर इलाके के एक ढाबे पर पहुंचा था। इस पार्टी में जुबैर के गुर्गे भी शामिल हुए थे। पार्टी के बाद लौटते समय यह वीडियो जुबैर ने अपने साथियों से बनवाया था।





## विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा विधायक ने मप्र में सत्ता और संगठन में परिवर्तन की मांग की

**भोपाल, ईएमएस।** भोपाल, 12 दिसंबर (भाषा) मध्यप्रदेश में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के विधायक नारायण त्रिपाठी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को पत्र लिख कर अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता विरोधी लहर दूर करने के लिए गुजरात की तर्ज पर राज्य में सत्ता और संगठन में आमूलचूल परिवर्तन करने की मांग की ।गुजरात में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने शानदार और ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। त्रिपाठी ने 11 दिसंबर को नड्डा को लिखे पत्र में लिखा है, ''गुजरात में पार्टी की शानदार और ऐतिहासिक विजय के लिए आपको शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विनम्र निवेदन है कि मध्यप्रदेश में हमारे जैसा छोटा कार्यकर्ता चाहता है कि राज्य में दोबारा गुजरात की तर्ज पर सरकार बने।

# चुनाव के पहले कानूनी दांव में उलझे 3 विधायकों की सदस्यता खतरे में

**भोपाल, ईएमएस। मध्यप्रदेश में अगले साल चुनाव होने हैं। सियासी बयानबाजी के साथ कानूनी पेंच में उलझे विधायकों की मुश्किलें भी बढ़ती जा रही हैं। सोमवार को हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने अशोकनगर से क्क्ष्क विधायक जजपाल सिंह जज्जी का जाति प्रमाणपत्र निरस्त कर उनके खिलाफ स्न्ढ्ढक्रदर्ज करने के निर्देश दिए हैं। विधायक जज्जी पर 50 हजार का जुर्माना लगाने के साथ ही सदस्यता निरस्त करने के लिए कहा गया है। जज्जी के अलावा दो विधायक और हैं, जिनकी सदस्यता पर संकट है। तीनों विधायकों में दो भाजपा, तो एक कांग्रेस का है।**

अजब सिंह कुशवाह- ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ मुरैना जिले की सुमावली विधानसभा के विधायक ऐदल सिंह कंसाना के बीजेपी में शामिल होने के बाद नवंबर 2020 में उपचुनाव हुआ था। इस उपचुनाव में कांग्रेस के उम्मीदवार अजब सिंह कुशवाह बीजेपी के ऐदल सिंह कंसाना को हराकर विधायक बने थे। विधायक बनने के बाद अजब सिंह कुशवाह कानूनी मुश्किलों में घिर गए। विधायक अजब सिंह पर सरकारी जमीन बेचने के आरोप लगे इस मामले की ग्वालियर के महाराजपुरा थाने में शिकायत भी दर्ज हुई। शिकायत में ये दावा किया गया कि विधायक ने सरकारी जमीन को अपना बताते हुए लगभग 75 लाख में बेच दिया था। मामले में पुरुषोत्तम शाक्य नामक व्यक्ति ने ग्वालियर के महाराजपुरा में शिकायत दर्ज कराई थी और कहा था कि विधायक अजब सिंह ने यह जमीन उन्हें बेची, मगर कब्जा नहीं मिला। इस पर पुलिस ने मामला भी दर्ज कर लिया था।

बताया गया है कि इस मामले पर सुनवाई करते हुए ग्वालियर के न्यायालय ने विधायक अजब सिंह सहित अन्य लोगों को दो-दो साल की सजा सुनाई है और 10-10 हजार का जुर्माना भी लगाया है। इस फैसले के बाद कांग्रेस विधायक की सदस्यता पर संकट मंडराने लगा है। नियमानुसार अगर किसी विधायक को दो साल या उससे अधिक की सजा हो जाती है तो उसकी विधानसभा से सदस्यता तो जाएगी ही साथ में वह छह साल तक चुनाव लड़ने के अयोग्य रहेगा।



### राहुल सिंह लोधी, खरगापुर - नॉमिनेशन फार्म में छिपाई जानकारी

उमा भारती के बड़े भाई हरबल सिंह लोधी के छोटे बेटे राहुल सिंह लोधी टीकमगढ़ जिले की खरगापुर विधानसभा से 2018 में पहली बार विधायक बने। विधानसभा चुनाव के बाद राहुल लोधी से चुनाव हारने वाली कांग्रेस प्रत्याशी चंदा रानी गौर ने राहुल लोधी द्वारा निर्वाचन पत्रों में जानकारी छिपाने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर कर दी। याचिका पर सुनवाई के बाद जबलपुर हाईकोर्ट ने राहुल लोधी का निर्वाचन शून्य घोषित कर दिया। फिलहाल राहुल लोधी इस मामले की अपील करने सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। हालांकि इसी मामले को लेकर चंदा रानी गौर ने भी सुप्रीम कोर्ट में कैविएट दायर की है। यदि सुप्रीम कोर्ट से लोधी को स्टे नहीं मिला तो उनकी विधानसभा सदस्यता रद्द हो सकती है।

### कुशवाह के वेतन-भत्ते पर रोक

विधानसभा ने सुमावली विधायक अजब सिंह कुशवाह को सजा सुनाए जाने के बाद उनके वेतन-भत्ते रोक दिए हैं।वहीं राहुल लोधी और जजपाल जज्जी को नोटिस जारी किए गए हैं। दोनों विधायकों की तरफ से जवाब आने के बाद आगे कार्रवाई होगी। यदि इन विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से स्टे नहीं मिला तो सदस्यता रद्द करने की कार्रवाई विधानसभा की ओर से की जाएगी। अशोकनगर विधायक जजपाल सिंह की सदस्यता भी निरस्त होगी! ग्वालियर में हाईकोर्ट ने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक विधायक जजपाल सिंह उर्फ जज्जी का जाति प्रमाण पत्र निरस्त कर दिया है। साथ ही अशोकनगर एसपी को फर्जी जाति प्रमाण पत्र बनवाने के मामले में विधायक पर स्न्ढ्ढक्रदर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं। हाईकोर्ट ने 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है।



# विधायक भनोत ने मदन महल वार्ड में 16 लाख के विकास कार्यों का किया भूमिपूजन

जबलपुर, यशभारत। विधायक तरुण भनोत के द्वारा विधायक निधि के माध्यम से मदन महल वार्ड अंतर्गत आदर्श कन्या माध्यमिक शाला परिसर मे लगभग 8 लाख रुपये की लागत से पेवर ब्लॉक एवं बेदी नगर मे मन्नत कलेक्शन से बेदीनगर मेन रोड तक बनने वाली लगभग 7.5 लाख रुपये के सीसी सड़क का भूमिपूजन किया गया। भूमिपूजन मौके पर विधायक श्री भनोत ने कहा कि उनके पिछले लगभग 9 वर्षो के कार्यकाल मे पश्चिम विधानसभा क्षेत्र मे विकास की कई नई आधारशिला रखी गई है और सीधी जनता से जुड़ी समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता मे रही है, चाहे वो सीसी रोड हों, बिजली खंभों की समस्या का निराकरण हों, जल समस्या का निराकरण हों या घर-घर जल से नल के अंतर्गत पाइपलाइन विस्तारीकरण का कार्य हों ऐसी सभी आमजन मानस से जुड़ी समस्याओं का निराकरण उनकी प्राथमिकता मे रही है। इस मौके पर मदन महल क्षेत्र से पार्षद श्रीमती तुलसा प्रजापति, श्री लखन प्रजापति, वरिष्ठ कांग्रेसी कमल भल्ला, नारायण चौरसिया, संटी पाजी, मुरारी मिश्रा, जीत सिंह सरदार सहित बड़ी संख्या मे क्षेत्रीय जन उपस्थित रहे ।

## रेल प्रशासन ने रेल कर्मियों की सुविधाओं के विस्तार करने का फैसला लिया*

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल जोन को बने लगभग 19 वर्ष हो चुके हैं, परन्तु जोन मुख्यालय में कार्यरत रेल कर्मियों को रेल प्रशासन ने पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं मुहैया नहीं करा सका। उक्त समस्या को वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ के महामंत्री अशोक शर्मा ने पीएनएम के माध्यम से महाप्रबंधक के समक्ष रखा था, जिससे रेल प्रशासन रेल कर्मियों की सुविधाओं के विस्तार करने का फैसला लिया।संघ प्रवक्ता व संयुक्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि रेल मजदूर संघ के प्रयास से मुख्यालय कर्मचारियों के लिए शेड सहित वाहन स्टैंड का विस्तार होगा। जिसके लिए बकायदा संघ प्रतिनिधि व उप महाप्रबंधक अनुराग पांडेय ने संयुक्त रूप से निरीक्षण कर वाहन स्टैंड के लिए रेल अस्पताल के समीप अतिरिक्त स्थान का चयन भी कर लिया है, जिससे अब रेल कर्मियों को वाहन पार्किंग में हो रही समस्या से निजात मिलेगी।संयुक्त निरीक्षण में सर्व सुविधायुक्त कैंटीन बनाने के लिए स्थान भी निर्धारित कर दिया गया है।



# दमोह से बीना के लिए ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

**जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर रेल मंडल के अन्तर्गत दमोह से बीना के बीच चलने वाली स्पेशल यात्री गाड़ी नंबर है 01885/ 86 का आज 13 दिसंबर को दमोह स्टेशन पर प्रात: 6~30 बजे शुभारंभ हुआ। यह ट्रेन दमोह से बीना के बीच सभी 17 छोटे स्टेशनों पर रुकेगी जिससे यात्रियों को आवागमन में काफी लाभ होगा।**

**17 स्टेशनों पर रुकेगी यात्रियों को मिलेगी राहत**

शुभारंभ के अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित दमोह के सांसद प्रहलाद सिंह पटेल के प्रतिनिधी नरेंद्र बजाज, राज कुमार सिंह, पार्षद विक्रांत गुप्ता, रघु श्रीवास्तव, मुकेश पटेल, सतीश जैन, धीरेंद्र सिंह, मानिक सचदेवा, प्रीतम चौकसे सहित रेलवे के मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव वाणिज्य विभाग के सादिक खान राजेश सहगल स्टेशन प्रबंधक जी एस मीना सहित अनेक अधिकारी भी उपस्थित थे इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधियों ने बताया कि दमोह सांसद द्वारा क्षेत्र में रेल सुविधाओं के विकास एवं यात्री सुविधाओं में वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किए जाते हैं जिसके फलस्वरूप ट्रेन क्षेत्र के लोगों को छोटे स्टेशनों पर आने जाने में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान देगी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने दमोह स्टेशन पर हरी झंडी दिखाकर उक्त गाड़ी को सागर बीना की ओर रवाना किया यह गाड़ी पूर्णता अनारक्षित है तथा दमोह से सागर के मध्य सभी 17 स्टेशनों पर रुकते हुए चलेगी दमोह से प्रातः 6~00 चलकर सागर में सुबह 7~30 बजे तथा बीना सुबह 9~30 बजे पहुंचेगी वापसी में बीना से शाम 6~00 बजे चलकर सागर होते हुए रात 10~00 बजे दमोह आ जाएगी।

# नवम्बर माह तक माल यातायात से पमरे ने 3394 करोड़ राजस्व अर्जित किया

जबलपुर यशभारत। पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, सहित तीनों मण्डलों के माल यातायात में वृद्धि करते हुए रेलवे राजस्व वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसके परिणामस्वरूप पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में और प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के नेतृत्व में वित्तीय वर्ष के अप्रैल से नवम्बर 2022 तक 3394 करोड़ 48 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2574 करो? 14 लाख रूपये की तुलना में लगभग 32 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विगत आठ महीनों में मण्डल स्तर पर माल यातायात राजस्व इस प्रकार है -जबलपुर मण्डलक्षने अप्रैल से नवम्बर 2022 तक 2119 करो? 99 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 1544 करो? 33 लाख रूपये की तुलना में 37 प्रतिशत की वृद्धि हुई इसी तरह से भोपाल मण्डल ने अप्रैल से नवम्बर 2022 तक 658 करो? 27 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 490 करो? 90 लाख रूपये की तुलना में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई। कोटा मण्डल ने अप्रैल से नवम्बर 2022 तक 616 करो? 22 लाख रूपये माल यातायात से ऑरिजनेटिंग आय अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 538 करोड़ 91 लाख रूपये की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों में व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) स्थापित की गई हैं। इसके तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल व्यापारियों के साथ निरंतर बैठकें की जाती हैं ।मालगा?ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को भी बढ़ाया। साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किये जा रहे हैं। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएँ शुरू की गई ।

# रिश्वत लेते धराया सरकारी बाबू

**सिवनी यशभारत**

12 दिसंबर को दोपहर छपारा के तहसील कार्यालय पर रंगे हाथों 13000 रुपए की रिश्वत लेते जबलपुर लोकायुक्त की टीम ने पदस्थ बाबू रोहित रजक एवं कोटवार रघुनाथ डेहरिया कुल दो लोगों को जमीनी दस्तावेज पर नाम के टंकन त्रुटि सुधार के एवज में भीमगढ़ क्षेत्र के ग्राम गंगई रैयत निवासी रामनाथ पगारे पिता गिरवर पगारे से कुल 15000 की मांग की गई थी जिस पर 13000 पर बात छुट्टी रिश्वत की मांग किए जाने को लेकर रामनाथ पगारे के द्वारा पूर्व में



लोकायुक्त जबलपुर को सूचना दी गई जिस पर सोमवार 12 दिसंबर को तहसील कार्यालय पर 13000 रिश्वत लेते हुए तहसील कार्यालय में पदस्थ बाबू रोहित रजक एवं कार्यालय में पदस्थ कोटवार रघुनाथ डेहरिया को ट्रैप किया। शिकायतकर्ता रामनाथ पगारे के द्वारा बताया गया कि वर्ष 2018 में उसके स्वर्गीय पिता गिरवर पगारे के द्वारा उसके पुत्र भव्य पगारे के नाम पर 1 एकड़ की भूमि उसके पिता ने की थी लेकिन त्रुटि बस नाम लिखने में गलत हो गई थी जिसके टंकन सुधार कार्य के एवज के तहसीलदार कार्यालय पर बाबू रोहित रजक ने 15000 रू. लेकर किए जाने की मांग की जिस पर 13000 में बाबू मान गया और तहसील कार्यालय कक्ष पर बाबू एवं कोटवार को रुपए लेते रंगे हाथों जबलपुर लोकायुक्त की टीम निरीक्षक स्वप्निल दास आरक्षक भूपेंद्र दीवान आरक्षक रंजीत सिंह ठाकुर आरक्षक विजय विशिष्ट आरक्षक जुनैद खान एवं पंकज तिवारी द्वारा ट्रैप कर लिया गया।

## कुएं में तैरते हुए मिला अज्ञात व्यक्ति का शव पुलिस कर रही जांच

**छपारा यशभारत।** 12 दिसंबर को दोपहर लगभग 5 बजे पुलिस को स्थानीय जनों के द्वारा सूचना दी गई कि जबलपुर रोड एन एच -44 फौरलेन बाईपास से नगर को जाने मार्ग पर एक बंद ढाबा के बाजू पर कुएं में एक व्यक्ति की लाश पड़ी हुई है नगर निरीक्षक सौरभ पटेल एवं पुलिस के द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी गई वहीं देर शाम तक पुलिस के द्वारा व्यक्ति के शव की शिनाख्त नहीं कर सकी मिली जानकारी के अनुसार लगभग 5 दिन पूर्व छपारा पुलिस ने मौके से थोड़ी दूर स्थित एक ढाबे पर अज्ञात खड़ा दो पहिया वाहन जप्त कर थाना परिसर पर खड़ा किया गया जो राजेश इरपाचे 22 वर्ष ग्राम पायली खुर्द का था जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट भी छपारा थाना में परिजनों के द्वारा की गई थी पुलिस के द्वारा गुमशुदा राजेश के परिजनों को सूचना कर शिनाख्त करने के लिए बुलाया गया वहीं खबर लिखने तक अंधेरा हो जाने खराब मौसम के कारण पुलिस कुएं से शव नहीं निकल पाई जिससे शव राजेश इरपाचे का ही है या नहीं इसकी पुष्टि नहीं हुई है।

**01 हजार रू. के लिए गाली गलौज पर उतारू हुआ पटवारी, हुई शिकायत**

# भोमा में पदस्थ पटवारी राहुल उइके के बिगड़े बोल

**सिवनी यशभारत**

कान्हीवाड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत लुंगसा निवासी किसान आनंद पिता स्वर्गीय श्री अशोक सूर्यवंशी रानिम भोमा, थाना तहसील व जिला सिवनी का निवासी कृषक हूं। मेरे द्वारा वर्तमान हल्का पटवारी से विगत 1 वर्ष से लगातार किसान सम्मान निधि योजना में नाम जोड़े जाने हेतु निवेदन करते चले आ रहा हूं किंतु हल्का पटवारी द्वारा लगातार पैसो की मांग करते रहा है। किंतु जब हल्का पटवारी द्वारा आवेदक को देना 5/12/2022 को तहसील कार्यालय सिवनी बुलाया गया किंतु हल्का पटवारी से मुलाकात नहीं हो पाई जो कि मोबाइल के माध्यम से पटवारी राहुल उइके के द्वारा आवेदक से किसान सम्मान निधि योजना में नाम दर्ज करने के लिए रिश्वत मांग रहा है और कह रहा है कि जब तक आप मुझे 1 हजार रुपए नही दोगे तब तक आपका नाम किसान सम्मान निधि योजना में नही जोड़ूंगा। तब आवेदक ने कहा कि अभी मेरे पास पैसे नहीं है आपको बाद में दे दूंगा तब हल्का पटवारी आवेदक को अश्लील गालियां दी। साथ ही लूंगसा के कलार समाज को लेकर भी आपत्तिजनक शब्द कहे।

हल्का पटवारी राहुल के द्वारा उपरोक्त शब्दों का प्रयोग कर कलार समाज को अपमानित किया गया है और साथ ही हल्का पटवारी द्वारा किए गए अभद्र आचरण के अंतर्गत कार्य किया जा रहा है साथ ही किसानों को इसी प्रकार से गाली - गुप्तार करते रहता है और उसके किसानों के हित में कोई भी कार्य नहीं करता और लापरवाही पूर्वक करता है उक्त बात वर्तमान पटवारी राहुल उइके द्वारा फोन पर कहीं गई है जो फोन पर रिकॉर्ड है।

### कार्यवाही की मांग

आग्रह है कि पटवारी राहुल उइके के द्वारा पूरे कलार समाज के लिए अपशब्दों का प्रयोग करने के कारण एवं कार्य की प्रति उदासीनता बरतने के कारण उसके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसे पद से पृथक किए जाने हेतु पूरा कलार समाज आग्रह करता है। यदि इस संबंध में पटवारी के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की गई तो कलार समाज आक्रोशित होकर आंदोलन करने हेतु बाध्य हो जावेंगे। साथ ही आवेदक को किसान सम्मान निधि योजना के नामावली में नाम जोड़कर उसे किसान सम्मान निधि योजना की राशि प्रतिवर्ष दिलाई जाने की कृपा करें।

## विधायक अर्जुन सिंह ककोडिया का विवादित बयान, मुख्यमंत्री को कहा मर्द के बच्चे हो तो एसपी कलेक्टर और सीसीएफ को सस्पेंड करो

**सिवनी यशभारत।** सिवनी जिले के बरघाट विधानसभा विधायक अर्जुन सिंह ककोडिया का एक वीडियो सामने आया है। जिस पर विधायक द्वारा सीएम को खरी-खोटी कहते हुए कहा गया कि यदि मर्द के बच्चे हो तो एसपी कलेक्टर और सीसीएफ को सस्पेंड करो।



**गोडेगांव का बताया जा रहा वीडियो-** बाघ के हमले से एक व्यक्ति की मौत हो जाने के बाद जहां गुस्साए ग्रामीणों ने अधिकारियों के वाहन में तोड़फोड़ की और गाड़ियों को पलटा या इस घटना में कुछ अधिकारी भी घायल हुए थे वही का यह वीडियो बताया जा रहा है जहां अर्जुन सिंह का कोरिया ग्रामीणों के पास पहुंचे थे

**विधायक ने दिया विवादित बयान-** बरघाट विधायक अर्जुन सिंह ककोडिया वीडियो मे कहते दिख रहे हैं कि शिवराज सिंह घूम रहे हैं, पूरे जिले में घूम रहे हैं, छोटे-छोटे अधिकारियों को सस्पेंड सस्पेंड कर रहे हैं। यह चौथी घटना है में शिवराज सिंह आपसे कह रहा हूं, माननीय मुख्यमंत्री जी हाथ जोड़कर अगर आप मर्द के बच्चे हो तो कलेक्टर एसपी को सस्पेंड करो और सीसीएफ को, किसान की अगर औलाद हो कहते हो ना कि किसान की औलाद हो,अगर किसान का असली औलाद है तो किसान सुरक्षा कर तू। यहां पर 24 घंटे लाइट चाहिए 24 घंटे दिन और रात में लाइट चाहिए। अगर किसान का बच्चा है तो ये काम कर तू, यह नौटंकी करने की जरूरत नहीं है। छोटे छोटो को सस्पेंड करने की जरूरत नहीं है। इनको सुधारो, हमको अब जड़ पर बार करना पड़ेगा। यह छोटे छोटे कर्मचारियों से हमको कोई मतलब नहीं। इन हरामखोरो को इनके चेहरों को देखो जरा। इन लोगों को देखो ये अगर बाकई जनता के हितेषी हैं। मुझसे जो बन पढ़ रहा कर रहा हूं जो जनता कहेगी में उनके साथ हूँ।

# सकल ज्ञान अभिवृद्धि परीक्षा व स्पर्धा का हुआ आयोजन

**उगली यशभारत।** शैक्षणिक गतिविधियों के अंतर्गत विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारते हुए ,हिंदू उत्सव समिति पांडिया छपारा की तत्वाधान में बीते माह नवंबर में सकल ज्ञान अभिवृद्धि परीक्षा एवं क्रीडा स्पर्धा का आयोजन गत 26-27नवंबर और 3दिसंबर को सिवनी जिले के अंतर्गत विधानसभा केवलारी के अंतिम सीमावर्ती क्षेत्र पांडिया छपारा के शासकीय उत्तर माध्यमिक विद्यालय के खेल प्रांगण में आयोजित किया गया था।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत हायर सेकेंडरी हाई स्कूल और माध्यमिक स्तर के छात्र-छात्राओं को प्रतिभा परीक्षा का हिस्सा लेने



का मौका मिला गत दिवस आयोजक समिति के पदाधिकारी गण और वरिष्ठ जनों के द्वारा इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को स्कूल में पहुंचकर प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। जिसके अंतर्गत हुगली क्षेत्र के विभिन्न स्कूल हायर सेकेंडरी हाई स्कूल माध्यमिक प्राथमिक और निजी शिक्षण संस्थानों के प्रथम अपील छात्र छात्राओं को उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर पुरस्कृत किया गया।

प्रशस्ति पत्र प्रदान करने के लिए आयोजक समिति के पदाधिकारियों में वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षक श्री ब्रजमोहन टैम्भ्र ग्राम खुरसुरा और श्रीमान एल डी हनवत सेवानिवृत्त शिक्षक उगली की भूमिका महत्वपूर्ण रही। इस कार्यक्रम को आयोजित करने का मुख्य उद्देश्य समस्त जाति समाज वर्ग के प्रति प्रतिभा शील विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना और निकट भविष्य में उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए प्रेरित किया गया। सकल ज्ञान अभिवृद्धि परीक्षा के माध्यम से बच्चों में जनरल नॉलेज के साथ-साथ धार्मिक और आध्यात्मिक शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं की रुचि को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

## धान खरीदी को लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की कोई परेशानी न हो, हमारा यही प्रयास : प्रबंधक रितेश राय

**सेवा सहकारी मर्यादित समिति बीसावाड़ी पंजीयन क्र . 261 द्वारा सुचारू रूप से धान खरीदी की जा रही है**

**सिवनी यशभारत।** केंद्रीय सेवा सहकारिता समिति बीसावाड़ी पंजीयन क्रमांक 261 के तहत आने वाले खरीदी केंद्र बीसावाड़ी कुकलाह प्रबंधक रितेश राय केंद्र प्रभारी कृष्णकुमार विश्वकर्मा, खरीदी केंद्र कलारबांकी प्रबंधक रितेश राय केंद्र प्रभारी अनिल उइके है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत दिनों पहले दिनांक 06/12/2022 को जिला कलेक्टर एवं सम्बंधित अधिकारियों द्वारा खरीदी केंद्र बीसावाड़ी कुकलाह का निरीक्षण किया गया था।



प्रबंधक श्री राय द्वारा समस्त कर्मचारियों को कहा गया किसानों के लिए सर्व सुविधायुक्त कार्य किया जाएगा निश्चित समय सीमा अवधि में किसानों की धान तुलाई की जाएगी किसानों की राशि भी समय सीमा अवधि खाता में पहुच जाएगी जिससे किसान को निराश न होना पड़े अत: हर सम्भव प्रयास से किसानों के जनहित के लिए यह फैसला समिति प्रबन्धक द्वारा लिया गया जिसकी अगुवाई समिति प्रबन्धक रितेश राय स्वयं कर रहे है। इससे पूर्व में बीसावाड़ी कुकलाह खरीदी केंद्र में 5222 टन धान किसानों की धान खरीदी गई थी वहीं कलारबांकी खरीदी केंद्र में 3800 टन धान खरीदी गई थी। इसी प्रकार से इस वर्ष बीसावाड़ी कुकलाह खरीदी केंद्र लगभग 4200 टन धान खरीदी की जाएगी। और कलारबांकी खरीदी केंद्र में लगभग 3500 टन तक धान खरीदने का प्रयास किया जाएगा।

## ओशो प्रेमियों ने सदगुरु का मनाया जन्मदिन





**सिवनी यशभारत।** सिवनी के ओशो प्रेमियों ने 11 दिसंबर को सदगुरु ओशो का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया। दुनिया को प्रेम और ध्यान की शिक्षा देने वाले एवं ध्यान की कई विधियां से अवगत कराने वाले सदगुरु ओशो ( आचार्य रजनीश के जन्मदिवस पर सिवनी में ओशो प्रेमियों ने केक काटकर ध्यान एवं नृत्य करते हुए ओशो का जन्म दिवस मनाया।

# दिल्ली किसान आंदोलन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर शहीद किसानों को दी श्रद्धांजलि

**सिवनी यशभारत।** महाकौशल प्रांत जिला सिवनी संगम पैलेस लान पलारी चौराहा देश के शहीद किसानों को याद किया गया और श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए किसानों द्वारा भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए किसानों द्वारा जिले की समस्या भी किसानों ने अवगत कराया जैसे यूरिया खाद की कालाबाजारी किसानों को दिन में बिजली मिले जिले की एक और महत्वपूर्ण समस्या संजय सरोवर परियोजना का सीमेंटी करण कार्य अन्नदाता किसानों के लिए वरदान सिद्ध होगी राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के प्रांत महामंत्री धन सिंह ठाकुर द्वारा बताया गया सिवनी जिले के जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर द्वारा किसानों को संगठित होने पर जोर दिया और किसानों की समस्या की लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा तत्पर रहने का वादा किया वही प्रदेश उपाध्यक्ष सोमनाथ तिवारी जी द्वारा किसानों का आत्मविश्वास जगाने की बात कही गई अंत में मुख्य वक्ता के रूप में मध्य प्रदेश अध्यक्ष रवि दत्त सिंह द्वारा लंबे समय से किसानों की लड़ाई और दिल्ली किसान आंदोलन पर शहीद किसानों को याद करते हुए किसानों की समस्या एक साथ प्रदेश स्तर पर उठाई जावे और विस्तृत चर्चा करते हुए कार्यक्रम को संबोधित किया गया मध्य प्रदेश युवा इकाई अध्यक्ष शुभम दयाल पटेल छपारा ब्लाक अध्यक्ष अंच लाल केवलारी विकासखंड के पदाधिकारी सोनू शिवनी




विकासखंड के किसानों की उपस्थिति संभागी मंत्री श्री रमाशंकर पटेल जावेद उल्ला खान जिला संगठन मंत्री राजेश सोलंकी चंद्र कुमार ठाकुर पूर्व सरपंच दूधिया जुन सिंह बघेल इस्माइल खान मोहनलाल बघेल शरण साहू जी नरसिंह ठाकुर जी जगदीश ठाकुर अर्जुन पटेल राजा भैया होशंगाबाद बड़ी संख्या में जिले के किसानों नई दिल्ली किसान आंदोलन की प्रशंसा करते हुए किसानों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया

## बाघ को पकड़ने के लिए हाथियों का सहारा



सिवनी यशभारत। कुरई थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोन्डेगाव में आदमखोर बाघ के द्वारा चुन्नीलाल पटले का घर की बॉडी में शिकार किया था, व अन्य दो को घायल बीते दिन में वन विभाग के द्वारा ड्रोन कैमरा से सर्च करने पर कही कुछ समझ नही आया फिर आज सुबह से ही वन विभाग के द्वारा हाथियों से भी सर्चिंग व बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा ओर सीसी टीवी कैमरा भी लगाए गए पर शाम तक कोई भी बाघ का मूमेंट्स समझ नहीं आया। रुखड़ रेंजर शुभम बरोनिया ने बताया कि आज रात पिंजड़ा में बकरा रखा जाएगा दिन में हाथियों एव बाघ को पकड़ने के लिए सीसीटीवी कैमरा भी लगाए हैं।



# नगर की तीरंदाज सनसनी

# मुस्कान ने चीनी ताइपे में जीता गोल्ड

*जबलपुर, यशभारत। स्थानीय रानीताल खेल परिसर में खेल एवं युवक कल्याण विभाग द्वारा संचालित मप्र तीरंदाजी अकादमी की तीरंदाज सनसनी विक्रम अवार्डी जबलपुर की मुस्कान किरार ने एक बार फिर स्वर्णिम कामयाबी दर्ज कर देश प्रदेश व जबलपुर का नाम रोशन किया।*

मुस्कान किरार ने चीनी ताइपे आर्चर के खिलाफ गोल्ड मेडल मैच में दोनों ने समान स्कोर करके शूट आफ में मुस्कान सटीक निशाना मारकर चीनी ताइपे के ताओयुओन सिटी में आयोजित इंडोर वर्ल्ड सीरीज़, ताइपे तीरंदाजी ओपन टूर्नामेंट में स्वर्ण पदक जीता। रैंकिंग राउंड में उसने 585/600 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया। अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर तीरंदाज के रूप में देदीप्यमान होने वाली संस्कारधानी की बेटी मुस्कान किरार ने 2016 में राष्ट्रीय टीम के कोच रिछपाल सिंह सलारिया के मार्गदर्शन में तीरंदाजी शुरू की और जल्द ही अनेक कीर्तिमानों को हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि पर मध्य प्रदेश सरकार ने 2018 में एकलव्य और 2019 में विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया। पिता वीरेंद्र किरार और माता श्रीमती माला किरार के यहां अप्रैल 2000 में जन्मी मुस्कान ने बीए तक शिक्षा प्राप्त की है।दो साल के प्रशिक्षण के बाद उन्होंने 18 वर्ष की उम्र से ही अपनी सफलता के परचम गाड़ने शुरू कर दिये और उनकी तीरंदाजी प्रतिभा में लगातार वृद्धि होती गई। उन्होंने 11वीं सीनियर नेशनल आर्चरी चैंपियनशिप में निशानेबाजी में 150 में से 150 निशान सटीक लगाए इसके पहले 2019 में सेक्शन ट्रायल में स्कोर 356 /360 रहा एशियन गेम्स के पहले ओपन ट्रायल में उनका स्कोर 1440 में से 1416 रहा तीरंदाजी का प्रशिक्षण शुरू करने के साथ ही 2 साल के अंदर उनके हिस्से में उपलब्धियों के अंबार लगते गए। जुलाई 2017 में एशिया कप स्टेज 2 में भाग लेने के बाद उन्होंने ढाका बांग्लादेश में बीसवीं एशियन तीरंदाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लिया बैंकॉक थाईलैंड में 2018 में आयोजित एशिया कप पहले स्तर की स्पर्धा में उन्होंने व्यक्तिगत स्वर्ण जीता और इवेंट चैंपियन बनी तथा टीम को कांस्य पदक दिलाया। वहीं मनीला फिलीपींस में अप्रैल 2018 में टीम को रजत पदक दिलाया चीन के शंघाई में आयोजित वर्ल्ड कप पहले स्टेज में टीम को चतुर्थ स्थान मिला वर्ल्ड कप स्टेज 2 में टर्की के आनाताल्या में मई 2018 में टीम को सिल्वर मेडल दिलाया इसके बाद बर्लिन जर्मनी में चतुर्थ विश्वकप स्टेज में टीम को पुनः सिल्वर दिलाया। जकार्ता इंडोनेशिया में 18 अगस्त से 2 सितंबर 2018 तक चलने वाले 18 वें एशियन गेम्स में इनके हिस्से में सिल्वर मेडल आया।इसी वर्ष 26 से 30 अप्रैल 2022 में एक बेंगलुरु में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम में मिक्स टीम को सिल्वर और ब्रांज दिलाया इसके पूर्व अक्टूबर2018 में जमशेदपुर में 40 वें राष्ट्रीय तीरंदाजी स्पर्धा में टीम को स्वर्ण के साथ व्यक्तिगत रूप से सिल्वर पदक हासिल किए।उनकी उपलब्धियों में उड़ीसा में 2017 में 37वीं सब जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी में व्यक्तिगत स्वर्ण हासिल किया। भोपाल में फरवरी 2019 में एनटीपीसी जूनियर राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में टीम को स्वर्ण दिलाने के साथ व्यक्तिगत भी उन्होंने स्वर्ण हासिल किया उन्होंने अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर अब तक छह स्वर्ण तीन रजत और तीन कांस्य पदक जीते हैं।

# सोनी सब के 'अलीबाबा: दास्तान ए काबुल' में क्या होगा जब अलीबाबा का भाई कासिम पहुँचेगा सिमसिम की गुफा?

**मुंबई, यशभारत। सोनी सब का शो 'अलीबाबा दास्तान–ए–काबुल' अली (शेहजान खान) की जिन्दगी के एडवेंचर्स, कहानी में नये ट्विस्ट्स और आकर्षक दृश्यों से दर्शकों का लगातार मनोरंजन कर रहा है। मौजूदा कहानी में अली वाम की मौत का बदला मल्लिका–ए–तबाही, सिमसिम (सायंतनी घोष) से लेना चाहता है, लेकिन उसे पता नहीं है कि इस काम में उसके अपने भाई कासिम (विनीत रैना) की जिन्दगी खतरे में पड़ जाएगी।**

अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' के पिछले एपिसोड्स में हमने अली को मल्लिका-ए-तबाही, सिमसिम द्वारा भेजे गये खतरनाक सांप फकरी को हराते और वाम को तबाही से बचाने में कामयाब होते देखा था। अली अब वाम की जिन्दगी छीनने का बदला सिमसिम से लेना चाहता है। फकरी की मौत की खबर सुनकर सिमसिम भी गुस्से में है और बदला लेने की योजना बना रही है। इन घटनाओं के बाद से दोनों ही एक-दूसरे पर गुस्सा हैं, लेकिन वे नहीं जानते हैं कि आगे क्या होगा। दूसरी ओर, अली का भाई पता लगाने की कोशिश करेगा कि अली क्या योजना बना रहा है और उत्सुक होकर उसका पीछा करेगा। इसके बाद से अली और सिमसिम की जिन्दगी में घटनाएं एक मोड़ लेंगी। आने वाले एपिसोड्स में कई ट्विस्ट्स और टर्न्स आएंगे, जो दर्शकों को एक बार फिर एडवेंचर और जादू से भरे सफर पर लेकर जाएंगे!



क्या कासिम को पता चलेगा कि अली क्या करने जा रहा है, या सिमसिम उसकी जिन्दगी छीन लेगी? अलीबाबा का किरदार निभा रहे शेहजान खान ने इस रोमांचक स?टोरीलाइन पर अपनी बात रखते हुए कहा, अलीबाबा अपने लोगों और प्रियजनों से बहुत प्यार करता है। मेरी शख्सियत अली से काफी मिलती-जुलती है। बाबा अपने लोगों को तकलीफ में नहीं देख सकता, इसलिये तबाही के बाद वह सिमसिम से बदला लेने का फैसला करता है। इन एपिसोड्स की शूटिंग करना रोलर कोस्टर राइड जैसा था, क्योंकि उसमें एडवेंचर, ड्रामा और इमोशंस साथ-साथ चल रहे थे। आने वाले एपिसोड्स आपको एडवेंचर से भरे सफर पर लेकर जाएंगे और दर्शक कई ट्विस्ट्स देखेंगे। घटनाओं का मोड़ अली पर क्या असर डालता है, यह देखने लायक होगा। उम्मीद है कि दर्शक इस कहानी का मजा लेंगे और 'अलीबाबा दास्तान-ए-काबुल' को अपना प्यार देते रहेंगे।

# जब माधुरी दीक्षित के साथ आमिर ने कर दी थी गंदी हरकत! हॉकी से मारने दौड़ पड़ी थीं एक्ट्रेस



**मुंबई,ईएमएस।** फिल्मी सितारे शूटिंग के दौरान हंसी-मजाक के पल भी गुजारते हैं। महीनों चलने वाली फिल्मों की तैयारी में कुछ स्टार्स के बीच काफी अच्छी बॉन्डिंग हो जाती है। ऐसे में शूटिंग के बीच में वे खूब मस्ती भी करते हैं। मगर, कई बार हंसी-मजाक में कुछ स्टार्स सीमाएं पार कर बैठते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ऐसा ही कुछ एक बार आमिर खान ने किया था। उन्होंने मजाक-मजाक में माधुरी दीक्षित के साथ कुछ ऐसी हरकत कर दी कि वह उनके पीछे हॉकी लेकर दौड़ पड़ीं। यह बात है 1990 में आई फिल्म चदिलज्की शूटिंग के दौरान की। इस फिल्म में आमिर और माधुरी दीक्षित की जोड़ी खूब पसंद की गई। एक रोज इस फिल्म की शूटिंग के दौरान आमिर खान ने एक्ट्रेस के साथ एक प्रैंक किया। दरअसल, आमिर खान अपने काम को परफेक्शन के साथ करने के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा उन्हें प्रैंकमास्टर भी कहा जाता है। वह अपने को-स्टार्स के साथ काफी मजाक करते हैं। ऐसा ही मजाक उन्होंने माधुरी दीक्षित के साथ कर दिया। लेकिन, इसके बाद माधुरी दीक्षित का गुस्सा सातवें आसमान पर जा पहुंचा। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आमिर ने माधुरी से कहा कि मैं हाथ देखकर लोगों के बारे में बता सकता हूं। इसके बाद उन्होंने माधुरी दीक्षित का हाथ देखना शुरू किया। फिर आमिर हाथ देखते हुए उनसे कहने लगे, च्तुम काफी इमोशनल हो, तुम लोगों पर आसानी से भरोसा कर लेती हो और इस कारण वो तुम्हें बेवाकूफ बना देते हैं, जैसे मैं बना रहा हूं और ये कहते ही आमिर ने उनके हाथ पर थूक दिया। बता दें कि इस किस्से के बार में आमिर खान ने खुद फरहान अख्तर के शो च्ओए ! इट्स फ्राइडेज्में बताया था। आमिर ने कहा था कि च्मेरा मजाक माधुरी दीक्षित को पसंद नहीं आया था, और वो गुस्से में हॉकी लेकर मेरे पीछे मुझे मारने दौड़ पड़ी थीं।ज बता दें, इस किस्से का जिक्र एक बार सोशल मीडिया पर माधुरी दीक्षित भी कर चुकी हैं।





# रजनीकांत के जन्मदिन पर साउथ के दिग्गज सितारों ने थलाइवा को किया विश, कहा– वह हमारे लिए...

**नई दिल्ली, ईएमएस।** साउथ के सुपरस्टार रजनीकांत ने सोमवार को अपना 72वां जन्मदिन मनाया। अभिनेता रजनीकांत चार दशक से ज्यादा सिनेमा जगत पर राज कर रहे हैं। सुपरस्टार जहां अपने फैंस से प्यार करते हैं, वहीं फिल्म इंडस्ट्री की हस्तियां भी उनकी बहुत बड़ी प्रशंसक हैं। इस खास मौके पर रजनीकांत के फैंस उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। यही नहीं, कमल हासन से लेकर धनुष तक फिल्मी जगत के कई बड़े सितारे अभिनेता रजनीकांत को जन्मदिन की बधाई दे रहे हैं।


साउथ इंडस्ट्री के कई दिग्गज सुपरस्टार रजनीकांत को उनके जन्मदिन की बधाई देते नजर आए। सुपरस्टार कमल हासन ने तमिल में अपने दोस्त रजनीकांत को बर्थडे विश किया, जिसमें उन्होंने लिखा, च्मेरे प्यारे दोस्त सुपरस्टार रजनीकांत को जन्मदिन की शुभकामनाएं। इस शुभ दिन पर अपनी सफल जिन्दगी की जर्नी को बरकरार रखने के लिए शुभकामनाएं।

इसी तरह, अभिनेता सरथकुमार ने भी तमिल में बर्थडे विश करते हुए कहा, च्मेरे प्यारे दोस्त रजनीकांत को जन्मदिन की शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें अच्छे स्वास्थ्य और सफलता से नवाजे।ज इसके अलावा अभिनेता धनुष ने भी अपने फेवरेट सुपरस्टार और ससुर को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। धनुष ने लिखा, च्जन्मदिन मुबारक हो थलाइवा।ज्यही नहीं, डांस मास्टर से अभिनेता और निर्देशक बने राघव लॉरेंस ने लिखा, च्हैपी बर्थडे थलाइवा, मैं आपकी अच्छी सेहत के लिए भगवान से प्रार्थना करता हूं। आपकी उम्र लंबी हो, इस खास दिन पर हम आपके आशीर्वाद से चजिगिरठंडाज की शूटिंग शुरू कर रहे हैं। गुरुवे शरणम।ज

निर्देशक नेल्सन दिलीप कुमार, जो अपनी आगामी फिल्म जेलर में सुपरस्टार रजनीकांत का निर्देशन कर रहे हैं, उन्होंने लिखा, च्सबसे विनम्र और करिशमाई सुपरस्टार रजनीकांत सर को जन्मदिन की बधाई।ज वहीं, अभिनेता जीवा ने रजनीकांत के साथ अपने बचपन की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, च्आपको जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं सुपरस्टार।ज दुलकर सलमान ने भी रजनीकांत को विश करते हुए कहा, च्रजनीकांत को जन्मदिन को बहुत बहुत बधाई, आप सबसे बेस्ट है और हमारे लिए प्रेरणादायक हैं।

# कुछ इस तरह एक-दूजे के प्यार में डूबे थे अरबाज-मलाइका, तलाक के बाद भी कायम है दोस्ती का रिश्ता

**मुंबई, ईएमएस।** जिंदगी में अगर प्यार है तो तकरार भी है, लेकिन कभी-कभी यही तकरार इतनी गहरी रार में बदल जाती हैं कि रिश्ता टूटने की वजह बन जाती है। प्यार, इजहार, शादी और फिर तलाक... कुछ रिश्ते टूटने के बाद भी पूरी तरह नहीं टूटते हैं। रिश्तों की कदर बाकी रह जाती है। कुछ ऐसी ही है मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान की प्रेम कहानी। बॉलीवुड अभिनेता और निर्देशक अरबाज खान और बॉलीवुड अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा भले ही आज साथ न हो, लेकिन उनकी प्रेम कहानी की चर्चा आज भी होती है। इसकी वजह यह है कि दोनों आज भी एक-दूसरे की इज्जत करते हैं और दोस्तों की तरह साथ खड़े रहते हैं। मलाइका अरोड़ा और अरबाज खान की लव स्टोरी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। बॉलीवुड अभिनेता अरबाज खान और अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा की पहली मुलाकात बहुत ही प्रोफेशनल थी। दोनों एक कॉफी ब्रांड के विज्ञापन की शूटिंग के दौरान



मिले थे। यह विज्ञापन काफी बोल्ड था और विवादों में भी रहा था। इस मुलाकात के दौरान मलाइका पहली बार अरबाज को देखते ही दिल हार बैठी थीं। मलाइका को अरबाज से पहली नजर वाला प्यार हो गया था। विज्ञापन के शूट के बाद दोनों ने एक दूसरे से मिलना शुरू किया और और दोनों के बीच की नजदीकियां बढ़ने लगीं। इसके बाद दोनों ने एक साथ कई प्रोजेक्ट में काम किया, जिससे वह दोनों ज्यादा समय एक दूसरे के साथ बिताने लगे। कहा जाता है कि मलाइका और अरबाज ने एक दूसरे को पांच साल तक डेट किया था।

## मलाइका ने किया अरबाज को प्रपोज

मलाइका और अरबाज साल 1998 में शादी के बंधन में बंधे थे। उस समय मलाइका बॉलीवुड में अपने पैर पसार रही थीं, लेकिन उन्होंने अपने करियर को किनारे रखते हुए परिवार को चुना। हाल ही में मलाइका ने अपने लेटेस्ट शो च्मूविंग इन विद मलाइकाज में खुलासा किया था कि उन्होंने आगे बढ़कर अरबाज को शादी के लिए प्रपोज किया था और अरबाज ने झट से हां कर दी थी।

## 19 साल बाद अलग हुई राहें

दोनों बॉलीवुड की बेस्ट जोड़ियों में से एक थे, लेकिन शादी के 19 साल बाद 2017 में मलाइका ने अरबाज से तलाक ले लिया। अरबाज और मलाइका का परिवार इसके लिए राजी नहीं था, लेकिन मलाइका अलग होने का फैसला ले चुकी थीं। दोनों का एक बेटा भी है, जो मलाइका के साथ रहता है। दोनों ने भले ही अपनी राहें अलग कर ली हों, लेकिन बेटे के लिए दोनों हमेशा साथ खड़े रहते हैं। अब मलाइका और अरबाज दोनों ही अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुके हैं। मलाइका अब अभिनेता अर्जुन कपूर को डेट कर रही हैं।

# संजू सैमसन को मिला आयरलैंड से खेलने का ऑफर, लेकिन वह भारत छोड़ने को तैयार नहीं

नई दिल्ली , एजेंसी। टीम इंडिया के विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन को भारतीय टीम में मौका न मिलने का मामला लगातार बढ़ता जा रहा है। घरेलू क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने के अलावा संजू सैमसन ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वनडे क्रिकेट में भी अच्छा प्रदर्शन किया है। सैमसन को लगातार भारत के लिए खेलने का मौका नहीं मिला है, लेकिन उन्हें जो छुटपुट मौके मिले हैं, उनमें ही सैमसन ने अच्छा प्रदर्शन किया और रिकॉर्ड उनके पक्ष में हैं। बांग्लादेश के खिलाफ वनडे सीरीज में भी संजू भारतीय टीम का हिस्सा नहीं थे। आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करने वाले संजू सैमसन के फैंस बड़ी संख्या में हैं और लगातार उन्हें भारतीय टीम में शामिल करने की मांग कर रहे हैं।



फीफा विश्व कप के दौरान भी संजू के फैंस कतर में उनके नाम का पोस्टर लेकर पहुंच गए थे। हालांकि, इन सब के बावजूद संजू को लगातार टीम इंडिया में मौका नहीं मिला रहा है। इस बीच खबरें आई हैं कि संजू सैमसन को आयरलैंड के लिए खेलने का ऑफर मिला है, लेकिन उन्होंने यह ऑफर ठुकरा दिया है।मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड ने संजू सैमसन से कहा है कि वह आयरलैंड के लिए खेलेंगे तो उन्हें देश के लिए हर मैच खेलने का मौका मिलेगा। हालांकि, सैमसन ने अपने देश को करियर से ऊपर रखते हुए कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी भी दूसरे देश के लिए नहीं खेलना चाहते हैं। वह सिर्फ भारतीय टीम का हिस्सा बनना चाहते हैं। संजू ने इस जवाब से एक बार फिर सभी भारतीय फैंस का दिल जीत लिया है। इससे पहले विश्व कप टीम में नहीं चुने जाने पर भी संजू ने कहा था कि पंत उनके दोस्त हैं और वह चयनकर्ताओं के फैसले का सम्मान करते हैं। दरअसल टी20 विश्व कप टीम में पंत को मौका मिला था। वहीं, टीम का हिस्सा नहीं थे। इसके बाद पंत को जमकर ट्रोल किया जा रहा था। तब सैमसन ने उनका समर्थन किया था। संजू सैमसन ने भारत के लिए 16 टी20 मैच में 21.14 के औसत और 135.15 के स्ट्राइक रेट से 296 रन बनाए हैं। वहीं, 11 वनडे मैच में उन्होंने 66 के औसत से 330 रन बनाए हैं। लगातार मौका मिलने पर संजू और बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं और भारत के लिए कई मैच जिताऊ पारियां खेल सकते हैं।

अगर संजू सैमसन आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड का ऑफर स्वीकार करते हैं तो उन्हें बीसीसीआई के साथ अपना अनुबंध खत्म करना होगा। इस स्थिति में वह आईपीएल से बाहर हो सकते हैं। साथ ही उन्हें बीसीसीआई की तरफ से मिलने वाले पैसे का भी नुकसान होगा। आयरलैंड से क्रिकेट खेलने के लिए उन्हें पैसा मिलेगा, लेकिन दुनिया के सबसे अमीर क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई के बराबर सैलरी देना आयरलैंड के बस की बात नहीं है। आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड को ऐसे खिलाड़ी की तलाश है, जो टीम की कप्तानी कर सके। संजू सैमसन आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स की टीम के कप्तान हैं। बतौर कप्तान उनका प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। इस साल उनकी टीम फाइनल में भी पहुंची थी। इसी वजह से आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड उन पर भरोसा जता रहा है। हालांकि, इस बारे में आयरलैंड क्रिकेट बोर्ड या संजू सैमसन की तरफ से कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सैमसन के पास आयरलैंड के लिए खेलने का ऑफर है।

# फीफा विश्व कप से बाहर होने पर रोनाल्डो बोले– हमेशा लड़ता रहूंगा

## कोहली ने लिखा– आप हर खिलाड़ी की प्रेरणा

**नई दिल्ली , एजेंसी।** फीफा विश्व कप 2022 से रोनाल्डो की टीम पुर्तगाल बाहर हो चुकी है। इसी के साथ रोनाल्डो के विश्व चैंपियन बनने का सपना एक बार फिर टूट गया है। पुर्तगाल के लिए पांच विश्व कप जीतने वाले रोनाल्डो अब तक देश को फीफा विश्व कप की ट्रॉफी नहीं जिता पाए और अब उनका सपना अधूरा रहना लगभग तय है। 37 साल के रोनाल्डो के लिए अब अगला विश्व कप खेलना बहुत मुश्किल होगा। ऐसे में वह विश्व चैंपियन बनने का सपना कभी पूरा नहीं कर पाएंगे। पुर्तगाल के विश्व कप से बाहर होने के बाद रोनाल्डो ने कहा है कि वह हमेशा देश के लिए लड़ते रहे हैं और उनका रवैया आगे भी ऐसा ही रहेगा। वहीं, विराट कोहली ने लिखा कि रोनाल्डो सभी खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा हैं और कोई ट्रॉफी खेल में उनके योगदान को कम नहीं कर सकती। फीफा विश्व कप 2022 के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मोरक्को के खिलाफ पुर्तगाल को हार का सामना करना पड़ा। इसके साथ ही यह टीम विश्व कप से बाहर हो गई। इस मैच में रोनाल्डो को पुर्तगाल की शुरुआती टीम में शामिल नहीं किया गया था। वह



लगातार दूसरे मैच में बेंच पर बैठे रहे। बाद में उन्हें मैदान पर भेजा गया, लेकिन वह भी कोई गोल नहीं कर सके। इस मैच में एकमात्र गोल 42वें मिनट में मोरक्को के युसुफ एन-नेसरी ने किया, जो निर्णायक साबित हुआ और मोरक्को ने यह मैच 1-0 से अपने नाम किया। पुर्तगाल के विश्व कप से बाहर होने के बाद रोनाल्डो रोते हुए बाहर गए। इसके बाद उन्होंने इंस्टाग्राम पर भावुक पोस्ट कर अपनी प्रतिक्रिया दी। रोनाल्डो ने लिखा- पुर्तगाल के लिए विश्व कप जीतना मेरे करियर का सबसे बड़ा और सबसे महत्वाकांक्षी सपना था। सौभाग्य से मैंने पुर्तगाल के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर के कई खिताब जीते, लेकिन अपने देश का नाम दुनिया में सबसे ऊंचे पायदान पर लाना मेरा सबसे बड़ा सपना था। मैं इसके लिए लड़ा। इस सपने के लिए कड़ा संघर्ष किया। 16 वर्षों में विश्व कप के पांच संस्करणों में मैंने हमेशा महान खिलाड़ियों के साथ और उनके समर्थन और लाखों पुर्तगालियों द्वारा समर्थन में खेला। मैंने टीम के लिए अपना सब कुछ मैदान पर न्योछावर कर दिया। मैंने हमेशा लड़ाई की और उससे मुंह नहीं मोड़ा। अपने सपने को कभी नहीं छोड़ा। अफसोस कल सपना टूट गया।रोनाल्डो ने लिखा- उन विवादों पर प्रतिक्रिया देने लायक नहीं है। मैं बस इतना चाहता हूं कि आप सभी यह जान लें कि बहुत कुछ कहा जा चुका है, बहुत कुछ लिखा जा चुका है, बहुत कुछ अनुमान लगाया जा चुका है, लेकिन पुर्तगाल के प्रति मेरा समर्पण एक पल के लिए भी नहीं बदला है। मैं हमेशा सभी के उद्देश्य के लिए लड़ रहा था और मैं अपने सहयोगियों और अपने देश से कभी मुंह नहीं मोड़ूंगा। रोनाल्डो ने आगे पुर्तगाल को धन्यवाद दिया, यह कहते हुए कि च्सपना जब तक नहीं टूटा तब तक सब कुछ अच्छा था।

शहर से सटे गांव लुहारी (सूखा) में बाजी बुल अर्ज में दर्ज रास्ता रोका

# कानूनी दांवपेच में बंद हुआ खेत जाने का रास्ता

## अपनी ही जमीन तक पहुंचने परेशान हो रहे 50 से अधिक किसान

**जबलपुर यश भारत ।जबलपुर से लगे हुए ग्राम लुहारी (सूखा) में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है।जहां कानूनी दांवपेच और भू राजस्व की पेचेदगी में फस कर लगभग 50 किसान अपनी ही जमीन पर जाने के लिए रास्ता तलाश रहे हैं।जिसके चलते 200 एकड़ की खड़ी फसल भगवान भरोसे हो गई है।यह बात तो एक सामान्य व्यक्ति भी समझ सकता है कि एक किसान अपने खेत में जाने के लिए रास्ते में पढ़ने वाले किसी अन्य किसान की भूमि से होकर बिना रोक टोक गुजर सकता है।लेकिन लुहारी में कुछ ऐसी कानूनी पेचेदगी और अधिकारियों की लालफीताशाही हुई की खेत जाने का रास्ता ही बंद हो गया, और अब किसान यहां से वहां भटक रहे हैं।**



## 200 एकड़ की फसल भगवान भरोसे

### यह है मामला

पाटन तहसील अंतर्गत आने वाले पाटन बाईपास से सटे हुए ग्राम लुहारी (सूखा) और ग्राम आरछा के बीच जिन किसानों की जमीन है वहां जाने के लिए 20 कड़ी चौड़ा रास्ता है। जो कि लंबे समय से बाजी बुल अर्ज व शासकीय निस्तार पत्रक में दर्शाया गया है। लेकिन यह रास्ता गांव के ही एक दूसरे किसान की निजी जमीन से होकर गुजरता है। परंतु शासकीय कागजों में दर्ज होने के कारण सभी किसान इसका उपयोग कर सकते हैं और 1954-55 व 1985 के बाजी बुल अर्ज में यह स्पष्ट रूप से दर्ज है। जब यह दस्तावेज तैयार किए गए उस समय सिर्फ एक फसल होती थी । बरसात के समय यहा कोई भी फसल नहीं होती थी। ऐसे में इसे 6 मासी रास्ता दर्शाया गया था। लेकिन वर्तमान समय में इस क्षेत्र में दो से तीन फसल किसान लेता है और उसे साल भर खेतों में जाने के लिए रास्ते की जरूरत होती है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए बाद में जो निस्तार पत्रक तैयार हुए उसमें उक्त मार्ग को पूर्णकालिक रास्ता दर्शा दिया गया। परंतु जिन किसानों के खेत से यह रास्ता गुजरता था उनके द्वारा यह रास्ता बंद कर दिया गया और फिर पीछे के तरफ से किसानों द्वारा न्यायालय में इसकी शिकायत की गई तो कानूनी दांव पर व अन्य तर्कों के आधार पर इस रास्ते को अधिकारियों द्वारा बंद करवा दिया गया। जबकि वास्तविकता की धरातल पर यहां से लगभग एक दर्जन खसरों में जाने के लिए रास्ता गुजरता है और 200 एकड़ के जमीन के लगभग 50 किसान यहां से अपनी काश्तकारी के लिए आते जाते हैं और यंत्र उपकरणों को निकालते हैं। इस पूरे मामले में किसानों का कहना है कि वह कई दशकों से इस रास्ते से होते हुए अपने खेतों पर जाते आए हैं। लेकिन कभी कोई रोक टोक नहीं हुई लेकिन जिस जमीन से यह रास्ता निकलता है उसके भूस्वामी के द्वारा मनमाने तरीके से यह पूरा रास्ता बंद कर दिया गया और जब वे अधिकारियों के पास है तो उन्हें मदद की जगह निराशा ही हाथ लगी। किसानों की माने तो प्रारंभ से ही यहां से होकर कृषि कार्य होता आ रहा है ऐसे में नियम और कानून की आड़ में इस तरीके से निर्णय कानून सम्मत तो हो सकते हैं लेकिन व्यवहारिक नहीं हो सकते । इस पूरे मामले को लेकर पूरे क्षेत्र में रोश व्याप्त है जो किसी भी दिन विवाद का कारण बन सकता है।



उक्त रास्ता जो बाजी बुल अर्ज में दर्ज है लेकिन कानूनी दांव पेज में फंसकर बंद कर दिया गया है जिसके बाद किसान परेशान है

---

आरआई-पटवारी की गलती

# कैंसर मरीज ने बिल्डर को बनाया दोषी

## पी-2 खसरा में 1 हजार स्कायर फिट प्लाट

**जबलपुर, यशभारत।** त्रिमूर्ति कृष्णा कॉलोनी में रहने वाले कैंसर पीड़ित महेश कुमार मिश्रा द्वारा बिल्डर पर लगाए धोखाधड़ी के आरोपों में नई कहानी सामने आई है। दरअसल पूरे मामले में आरआई-पटवारी और आदेश बनाने वाले की गलती थी लेकिन इसमें बिल्डर को दोषी बना दिया गया। इसका खुलासा उस वक्त हुआ जब बिल्डर सारे दस्तावेज लेकर यशभारत के ऑफिस पहुंचा। बिल्डर ने सिलसिलेवार जानकारी देते हुए पूरे प्रकरण में बताया कि उसका काम जमीन देकर रजिस्टी करना ना कि खसरा बनाना। आदेश बनाने का काम आरआई-पटवारी और तहसीली के अधिकारी करते हैं। बिल्डर नावेल डिसूजा ने बताया कि कैंसर पीड़ित मरीज महेश कुमार मिश्रा ने अपनी पत्नी मोहनी मिश्रा के नाम से साल 2018 में खसरा नंबर 164-3 की एक हजार स्कायर फिट जमीन कृष्णा कॉलोनी त्रिमूर्ति नगर में खरीदी थी। इसके तहत महेश कुमार मिश्रा को एक हजार स्कायर फिट की रिजस्टी करके दी गई इसी के तहत साल 2018 में ही महेश मिश्रा ने जमीन का नामांतरण स्वयं कर लिया। पी-2 मतलब पटवारी खसरा के आदेश में महेश कुमार का प्लाट 1 हजार स्कायर फिट चढ़ा हुआ है लेकिन जब पी-1 मतलब डायवर्सन खसरा का आदेश महेश कुमार मिश्रा को प्राप्त हुआ तो उसमें 597 वर्गफुट का प्लाट चढ़ा हुआ है। इस पूरे प्रकरण में आरआई-पटवारी और आदेश बनाने वाले की गलती है लेकिन महेश कुमार मिश्रा जबरन में उसका नाम लेकर परेशान कर रहे हैं।

**डायवर्सन खसरे में 597 वर्गफुट**

### दो बार कराया नामांतरण

बिल्डर नावेल डिसूजा का कहना है कि महेश कुमार मिश्रा ने एक प्लाट का दो बार नामांतरण कराया जो गलत है।क्योंकि शासन के आदेश के अनुसार एक प्लाट का नामांतरण एक बार ही कराया जा सकता है। महेश कुमार मिश्रा द्वारा ऐसा किया जाने पर संबंधित क्षेत्र में उसकी जमीन कम हो रही है जिसमें उसको काफी नुकसान हो रहा है।

### बीमारी की आड़ लेकर परेशान किया जा रहा है

बिल्डर नावेल डिसूजा का आरोप है कि महेश कुमार मिश्रा बीमारी की आड़ में बेवजह परेशान कर रहे हैं।जबकि इससे उनका कोई लेना-देना नहीं है।जमीन बेचकर रजिस्टी करना बिल्डर का काम होता है इसके बाद काम आरआई-पटवारी सहित अन्य अधिकारियों का होता है।

---


# रंगदारी वसूलने तलवार लेकर व्यापारी को चमकाया

**जबलपुर यशभारत।** गोराबाजार थाना अतंर्गत झारिया मोहल्ला भीटा में एक कपड़े व्यापारी से गत शाम 6 बदमाशों ने मिलकर शराब पीने के लिए 4 हजार रुपए की मांगकर दुकान बंद करने और दुकान में टंगे कपड़े निकालकर पंसेकने लगे। रिपोर्ट करने पर उसका रास्ता रोका और मारपीट कर तलवार चमका कर गल्ले में रखे 4 हजार रुपए लेकर जान से मारने की धमकी दी और ओमनी कार में तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी।



गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार झारिया मोहल्ला भीटा निवासी 34 वर्षीय कपड़ा व्यापारी सुमित कुमार चौकसे गत शाम लगभग 7-30 बजे अपनी दुकान में बैठा था तभी दिनेश उर्फ धनिया पुरी गोस्वामी अपने दोस्त संतोष उर्फ करिया गोस्वामी के साथ आकर गाली गलोज कर दुकान बंद करने का कहते हुए दुकान में रखे कपड़े को फेंकने लगा और शराब पीने के लिए 4 हजार रुपए की मांग करने लगा मना करने पर मारपीट करने लगा। रिपोर्ट करने पर उसका रास्ता रोका और तलवार चमका कर उसके गल्ले से 4 हजार रुपए निकाल लिए। वहीं उसके अन्य साथी अनुराग यादव पवन यादव राहुल यादव ने उसकी ओमनी कार क्रमांक एमपी 20 डीए 0138 में तोड़फोड़ कर दी। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 294 327 341 506 427 190 34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

---



# दद्दू ने घर के अंदर खड़ी पल्सर पर लगाई आग

**जबलपुर यशभारत।** बेलबाग थाना अतंर्गत वंशकार मोहल्ला में घर में घुसकर घर के अंदर खड़ी बाईक को एक बदमाश ने आग लगाकर जला दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। बेलबाग पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार वंशकार मोहल्ला निवासी 30 वर्षीय आनंद वंशकार गत दिवस अपने परिवार के साथ बाबाजी की बगिया में शादी में गया था जहां पर उसके भाई आकाश ने बताया कि राहुल दद्दू ने घर में घुसकर घर के अंदर रखी पल्सर बाईक में आग लगाकर जला दी। सूचना पर वह घर पहुंचा जहां उसकी बाईक जली हुई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 436 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।

---










---

# सूने घर से सोने चांदी के जेवर चोरी

**जबलपुर यशभारत।** माढ़ोताल थाना अतंर्गत कृष्णा सिटी माढ़ोताल में शादी में गए एक परिवार के सूने घर का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर नगदी सहित चोरी कर ले गए। माढ़ोताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सिटी माढ़ोताल निवासी 46 वर्षीय उमेश साहू गत 8 दिसंबर को साले जितेंद्र साहू की शादी होने के कारण परिवार सहित अपने घर में ताला लगाकर 7 दिसंबर को त्रिमूर्ति नगर शादी समारोह में शामिल होने गया था। बीच-बीच में अपने घर में देखने हेतु और सामान लेने 2-4 बार वह एवं उसके परिवर के लोग आए थे। गत 9 दिसंबर को दोपहर लगभग 12 उसकी पत्नी लता साहू घर से सामान लेकर त्रिमूर्तिनगर आ गई थी। गत 10 दिसंबर को सुबह 4 बजे सोसायटी के अध्यक्ष शिवकुमार दीक्षित ने उसे फोन पर चोरी की सूचना दी सूचना पाकर वह और उसकी पत्नी लता साहू घर पहुंचे जहां घर के मेन दरवाजें का लॉक टूटा था अलमारी में रखा सोने का 1 हार 1 जोड़ी बाली चांदी की 2 जोड़ी पायल तथा नगदी रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 457 380 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामला जांच में लिया है।



# मझौली में बका लेकर मचा रहा था आतंक पुलिस ने दबोचा

**जबलपुर यशभारत।** आज सुबह मझौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत रानीताल निवासी एक 50 वर्षीय अधेड़ बका लेकर आतंक मचा रहा था ग्रामीणों मैं दहशत व्याप्त हो गई काफी देर तक चले इस आतंक की सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर थाना प्रभारी अभिलाष मिश्रा एएसआई रामसनेही पटेल हमरा स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे जहां से आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया गया। इस संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि रानीताल का रहने वाला 50 वर्षीय शातिर बदमाश सुखलाल उर्फ नम्मी बर्मन पिता विश्राम बर्मन के विरुद्ध कई आपराधिक मामले दर्ज हैं आज सुबह है बका लेकर ग्रामीणों में दहशत पैदा कर रहा था जिससे लोगों में काफी भय व्याप्त हो गया यहां तक की रानीताल चौराहे पर उसके आतंक से कुछ देर के लिए सन्नाटे की स्थिति निर्मित हो गई जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा पुलिस को दी गई पुलिस के पहुंचते ही शातिर बदमाश ने मौके से भागने का प्रयास किया जिसे बाद में पुलिस ने घेराबंदी कर उसे दबोच लिया पुलिस द्वारा बका जप्त करते हुए उसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई की गई तब कहीं जाकर ग्रामीणों ने राहत भरी सांस ली।

---























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*।
फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)